



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 168 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 22 मार्च 2025 डाक 23 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
पीएम जनमन से बैगा परिवारों की बदल रही तस्वीर और तकदीर





**देश-विदेश**
पानीपत में जजपा नेता की गोली मारकर हत्या दो दोस्तों की भी हालत गंभीर, इलाके में हड़कंप





**फीचर पेज**
स्वच्छ जल जीवन है, पर बिगड़े तो हाहाकार है




## नायक नहीं खलनायक हूं मैं, राष्ट्रगान विवाद के बीच आरजेडी का पोस्टर वार



**पटना 22 मार्च।** इन दिनों सीएम नीतीश कुमार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे राष्ट्रगान के दौरान हंसते और लोगों का अभिवादन करते हुए नजर आ रहे हैं। सीएम का वीडियो सामने आने के बाद से विपक्ष उन पर हमलावर हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित विपक्षी दलों के नेताओं ने इस मामले में प्रदर्शन करते हुए सीएम नीतीश से माफी मांगने की मांग की। वहीं अब पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास के बाहर एक पोस्टर लगाया गया है। राबड़ी देवी के आवास के बाहर लगे इस पोस्टर में लिखा है नायक नहीं खलनायक हूं मैं इसके साथ ही पोस्टर में उन पर महिलाओं का अपमान करने, महात्मा गांधी का अपमान करने और राष्ट्रगान का अपमान करने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, सीएम नीतीश कुमार पटना में एक खेल समारोह के उद्घाटन में शामिल हुए। इस दौरान सभी लोग राष्ट्रगान के लिए खड़े थे, तभी सीएम अपने पास में खड़ अधिकारी से बात करने की कोशिश करते नजर आए। यही नहीं राष्ट्रगान के दौरान ही उन्होंने लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन भी किया।

# महायज्ञ में फायरिंग से खलबली जमकर हंगामा, स्थिति तनावपूर्ण



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय यज्ञ आयोजन में बवाल मच गया। यज्ञ कार्यक्रम के आयोजक स्वामी हरि ओम दास के निजी सुरक्षा कर्मियों पर तीन लोगों को गोली मारने का आरोप है। गोली लगने से घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक महायज्ञ में शामिल होने आए कुछ युवकों ने बासी भोजन परोसे जाने को लेकर शिकायत की, जिसके बाद विवाद हुआ। कहासुनी के दौरान महायज्ञ के आयोजनकर्ता हरि ओम दास के सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जिसमें तीन युवक घायल हो गए। आशीष तिवारी नामक युवक को गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना से नाराज एक जाति विशेष के लोगों ने महायज्ञ स्थल के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाई और जाम खुलवाने का प्रयास किया। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है और स्थिति को नियंत्रित किया है। हालांकि, माहौल अब भी तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है. इस महायज्ञ की शुरुआत 18 मार्च से हुई थी और इसे 27 मार्च तक चलना था। इसके लिए 1008 कुंडीय यज्ञशालाएं बनाई गई थीं। महायज्ञ में हर दिन 1,00,000 आहुतियां डाली जा रही थीं। इस आयोजन के सूत्रधार हरि ओम दास हैं, जिन्हें यज्ञ सम्राट के नाम से जाना जाता है। उन्होंने देशभर के 24 राज्यों में अब तक 101 महायज्ञ का आयोजन कराया है। उनका संकल्प पूरे भारतवर्ष में 108 महायज्ञ कराने का है। कुरुक्षेत्र में 18 मार्च से शुरू हुआ महायज्ञ इस तरह का 102वां आयोजन है। इस महायज्ञ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, मुख्यमंत्री की पत्नी सुमन सैनी और पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा जैसे कई बड़े नेता शामिल हो चुके हैं।

## छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला: पूर्व आईएएस रानू साहू को झटका, हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका



**बिलासपुर, 22 मार्च [एजेंसी]।** छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला मामले में पूर्व आईएएस रानू साहू की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाईकोर्ट ने उनकी 2 अग्रिम जमानत याचिका का सुरक्षित फैसला सुनाया. जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए सुनवाई में रानू साहू की जमानत याचिका खारिज कर दी है। रानू साहू कोल लेवी घोटाले मामले में रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद हैं। उनपर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(2) और 13(1)(बी) और आईपीसी की धारा 120बी और 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 12 के तहत दो अलग- अलग मामले दर्ज हैं। इनमें संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए उनके वकील द्वारा 2 जमानत याचिकाएं लगाई गई थीं, जिन पर 31 जनवरी 2025 को फैसला सुरक्षित रखा गया था। फिलहाल कोर्ट ने उन्हे राहत देने से इंकार कर दिया है।

पूर्व आईएएस रानू साहू के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज शिकायत के अनुसार, उनपर आरोप है कि उनके और उसके परिवार के पास आय से अधिक संपत्ति है। साथ ही, उसने सूर्यकांत तिवारी के कोयला लेवी सिंडिकेट की मदद की। यह सिंडिकेट कोयला डिलीवरी ऑर्डर पर परमिट जारी करने के लिए प्रति टन 25 रुपए की अवैध वसूली करता था। शिकायत में कहा गया कि 2015 से अक्टूबर 2022 तक आवेदक और उसके परिवार ने 24 अचल संपत्तियां खरीदीं। 2011 से 2022 तक उसे वेतन के रूप में 92 लाख रुपए मिले, जबकि उसने 3.93 करोड़ रुपए की संपत्तियां खरीदीं। इस आधार पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। इसके अलावा एक अन्य मामला भी दर्ज कराया गया है।

## डल्लेवाल की गिरफ्तारी पर कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब, किसानों को तत्काल रिहा करने की मांग

**चंडीगढ़, 22 मार्च [एजेंसी]।** पंजाब सरकार द्वारा 19 मार्च को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवन सिंह पंढेर और अन्य किसानों को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर उनकी गिरफ्तारी को अवैध बताया गया है। देर शाम हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले में पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर दिया है और डीजीपी को इस मामले की स्टेटस रिपोर्ट सोमवार को दायर करने के आदेश दे दिए है। याचिका भारतीय किसान यूनियन दोआबा के अध्यक्ष गुरमुख सिंह ने दायर की है। याचिका में कहा है कि जगजीत सिंह डल्लेवाल को बिना कोई नोटिस दिए और कारण बताए गिरफ्तार किया गया है, जोकि गैर कानूनी है। उन्होंने हाईकोर्ट से मांग की कि उन्हें तत्काल रिहा किया जाए। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की कार्रवाई से खफा किसानों ने सड़कों पर उतरकर रोष जाहिर किया। हरियाणा के अंबाला शहर और शहजादपुर दोनों जगह अनाज मंडी में शहीद भगत सिंह यूनियन और संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन से जुड़े किसानों ने पंजाब सरकार के पुतले फूंक कर रोष जाहिर किया। किसानों के निशाने पर आम आदमी पार्टी रही।



## देवताओं पर सिपाही ने की अभद्र टिप्पणी, एसएसपी ने किया निलंबित



**गोरखपुर 22 मार्च।** देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले गुलरिहा थाने के सिपाही शिवजी प्रसाद को निलंबित कर दिया गया है। इंटरनेट मीडिया पर तीन दिन से सिपाही की बातचीत का आडियो तेजी से प्रसारित हो रहा था, जिसमें वह राम, राम मंदिर और भगवान कृष्ण को लेकर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर रहा था। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने जांच कराई। आरोप सही पाए जाने पर सिपाही को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया और विभागीय कार्रवाई के आदेश भी दिए गए।

तीन दिन पहले इंटरनेट मीडिया पर एक 1 मिनट 18 सेकंड का एक आडियो क्लिप सामने आया, जिसमें कुछ लोग राम, राम मंदिर और भगवान कृष्ण को लेकर बातचीत कर रहे थे। एक व्यक्ति देवताओं पर अभद्र टिप्पणी कर रहा था। छानबीन करने पर पता चला कि यह गुलरिहा थाने मेडिकल कालेज पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही शिवजी है। आडियो तेजी से प्रसारित होने लगा और स्थानीय लोगों में इसको लेकर नाराजगी बढ़ती गई। कई लोगों ने इस आडियो को पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाया।

## पहले पीएम मोदी की तारीफ, अब भाजपा सांसद के साथ सेल्फी ने मचाई सियासी खलबली



**नईदिल्ली, 22 मार्च [एजेंसी]।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और सांसद शशि थरूर अपने बयानों की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच कांग्रेस सांसद के भाजपा में शामिल होने की चर्चा फिर से शुरू हो गई है। सोशल मीडिया पर शशि थरूर की एक सेल्फी (तस्वीर) वायरल हो रही है, जिसमें वो भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा के साथ फ्लाइट में बैठे नजर आ रहे हैं। पांडा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर शशि थरूर के साथ सेल्फी शेयर की है। हाल ही में दिल्ली में एक परिचर्चा के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध और भारत की कूटनीति पर टिप्पणी करते हुए शशि थरूर ने कहा, मुझे यह स्वीकार करना होगा कि 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत के रुख की आलोचना करने पर मुझे शर्मिंदगी उठानी पड़ी। पीएम मोदी ने दो हफ्तों के अंतराल में यूक्रेन के राष्ट्रपति और रूस के राष्ट्रपति दोनों को गले लगाया और दोनों जगह उन्हें स्वीकार किया गया। शशि थरूर की इस टिप्पणी के बाद जहां बीजेपी ने कहा कि देर आए दुरुस्त आए। वहीं, शशि थरूर के बयान को कांग्रेस ने व्यक्तिगत टिप्पणी करार दिया।हाल ही में तिरुवनंतपुरम सांसद ने कांग्रेस में नेतृत्व की कमी को लेकर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा, पार्टी के भीतर नेतृत्व की कमी एक गंभीर समस्या है। यदि कांग्रेस अपनी सीमित वोटबैंक से ही काम करती रही, तो उसे केरल में तीसरी बार विपक्ष में बैठने का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि तिरुवनंतपुरम को उन्हें पसंद करते हैं। स्वतंत्र सर्वे में ये दिखाया गया है कि केरल में नेतृत्व के मामले में मैं दूसरे नेताओं से आगे हूं। अगर पार्टी मुझे उपयोग करना चाहती है तो मैं पार्टी में मौजूद हूं। यदि नहीं तो मेरे पास कई विकल्प मौजूद हैं।

## थर्रा उठेंगे दुश्मन, अमेरिका बना रहा है एफ-47 फाइटर जेट,खूबियां ऐसी जिसे पहले कभी नहीं सुना होगा

**नईदिल्ली, 22 मार्च [एजेंसी]।** अमेरिका छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान का निर्माण करने जा रहा है, जिसका नाम होगा एफ-47।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस फाइटर जेट को बनाने का जिम्मा बोइंग को सौंपा है। उन्होंने एलान किया कि इस डील का मकसद एफ-22 स्टील्थ वॉर प्लेन को रिप्लेस करना है। एफ-22 विमान करीब दो दशक से सेवाएं दे रहा है। अब नए फाइटर जेट ज्यादा एडवांस और बिना क्रु के ड्रोन के साथ काम करने में सक्षम होंगे। फाइटर जेट एफ-47 का टोन्ड डाउन वर्जन सहयोगी देशों के लिए भी उपलब्ध होगा।

## स्थानीय कानूनों का पालन करें, अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हुई कार्रवाई, तो विदेश मंत्रालय ने दी सलाह



**नई दिल्ली 22 मार्च।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों को स्थानीय कानूनों का पालन करना चाहिए। हाल ही में हमास के समर्थन के आरोप में अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में पढ़ रहे एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन के वीजा रद कर दिया गया।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों भारतीयों ने सहायता के लिए अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क नहीं किया। अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग ने वॉशिंगटन डीसी स्थित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के पोस्टडॉक्टरल फेलो बदर खान सूरी को सोमवार रात हिरासत में लिया। उन पर हमास के दुष्प्रचार को बढ़ावा देने के आरोप लगे हैं। अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने सूरी के निर्वासन पर फिलहाल रोक लगा दी है।

## बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के खिलाफ विजलेंस जांच शुरू, आय से अधिक संपत्ति का है मामला

**वाराणसी, 22 मार्च [एजेंसी]।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने को लेकर रसड़ा से बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के खिलाफ विजलेंस (सतर्कता अनुभाग) जांच शुरू हो गई है। सतर्कता अनुभाग ने महानिरीक्षक प्रयागराज को पत्र लिखकर विधायक, उनकी पत्नी, बेटा और बेटी के नाम खरीदी गई जमीन, मकान, फ्लैट, व्यवसायिक और कृषि जमीन की जानकारी मांगी है। जांच अधिकारी का नाम, पद और मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराने के लिए कहा है। महानिरीक्षक प्रयागराज ने सभी उप निबंधन कार्यालय को निर्देशित किया है कि उमाशंकर सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह, बेटी यामिनी व बेटे युकेश के नाम से प्रदेश में खरीदी गई जमीन, मकान, फ्लैट या अन्य प्रकार की संपत्तियों की जानकारी सतर्कता अनुभाग को उपलब्ध कराए। शासन ने इस संबंध में स्थानीय स्तर पर भी सतर्कता अनुभाग को निर्देश दिया है, ताकि आसानी से संपत्ति का ब्योरा जुटाया जा सके। हालांकि संपत्ति का ब्योरा किसी तिथि से देना है, आदेश में यह स्पष्ट नहीं है। बनारस में सभी उप निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री कार्यालय) ने संपत्तियों की जांच शुरू कर दी है।



# सुप्रीम कोर्ट के 6 जजों का डेलिगेशन मणिपुर जाएगा

**नईदिल्ली, 22 मार्च [एजेंसी]।** सुप्रीम कोर्ट के छह जजों का एक प्रतिनिधिमंडल मणिपुर का दौरा करेगा। यह दौरा हिंसा प्रभावित राज्य में राहत शिविरों का जायजा लेने और वहां रह रहे लोगों को कानूनी और मानवीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जस्टिस बीआर गवई करेंगे, जो राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं। उनके साथ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह शामिल होंगे। मणिपुर में 3 मई, 2023 को जातीय हिंसा भड़की थी।



बहुसंख्यक मैतेई समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद हिंसा भड़की थी। तब से, हिंसा में 200 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, सैकड़ों लोग घायल हुए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें से कई लोगों ने राज्य भर में राहत शिविरों में शरण ली है। नालसा की रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआती हिंसा के लगभग दो साल बाद भी 50,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और इन शिविरों में शरण ले रहे हैं। जस्टिस बीआर गवई मणिपुर के सभी जिलों में विधिक सेवा शिविरों और मेडिकल शिविरों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।


Delite Fashion
Transport Nagar
वैवाहिक एवं फैंसी साड़ियाँ
SUBHASH
Ambica
Cotton | SILK



Wedding Collection
Suiting | Shirting | Sherwani
Indowestern | Coat Suit
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099



स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## 11 मछुआरे श्रीलंका की जेल से रिहा, चेन्नई एयरपोर्ट पहुंचे

**चेन्नई, 22 मार्च [एजेंसी]।** श्रीलंका की जेल में बंद 11 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया गया है। इनमें से दो को 80,000 रुपये का जुर्माना भरने के बाद छोड़ा गया। सभी मछुआरे शनिवार को चेन्नई एयरपोर्ट पहुंचे। यह घटना भारत और श्रीलंका के बीच सीमा पर मछली पकड़ने को लेकर चल रहे विवाद का हिस्सा है। 2 फरवरी को तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के मंडपम इलाके से 10 मछुआरे नाव लेकर समुद्र में मछली पकड़ने गए थे। श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें थलाईमन्नार के पास सीमा पार करने के आरोप में पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें मन्नार कोर्ट में पेश किया गया और वावुनिया जेल भेज दिया गया। इनमें से एक मछुआरे, प्रताप को दूसरी बार पकड़ा गया था, जिसके चलते उसे दो साल की सजा सुनाई गई।



### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

# भीषण गर्मी में लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने हेतु किया गया आग्रह

**कोरबा ।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में घर से बाहर जाकर ऑफिस वर्क करने वाले, खेती कार्य मे लगे आमजन तथा बाजार में खरीददारी आदि कार्य करने वाले व्यक्ति पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थो का सेवन नहीं कर पाते हैं। इस कारण वे निर्जलीकरण के शिकार हो जाते हैं, जिसका समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालत गंभीर हो जाती है।

**लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय -**

आम लोगों के द्वारा आवश्यक उपाय अपनाकर लू (तापाघात ) से बचाव किया जा सकता है। जिसके अंतर्गत गर्मी के दिनों में हमेशा घर से बाहर जाते समय सफेद, सूती या हल्के रंग के कपड़े पहनना, भोजन करके तथा पानी पीकर ही घर से बाहर निकलना, घर से बाहर जाते समय गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को कपड़े/गमछे से ढककर ही निकलना, छतरी एवं रंगीन चश्मे का प्रयोग करना, गर्मी के दिनों में अधिक मात्रा में पानी पिना तथा ज्यादातर पेय पदार्थों का सेवन करना सहित अन्य उपाय अपना सकते है। इसी प्रकार बाहर जाते समय पानी साथ रखें, धूप में बेवजह बाहर जाने से बचें, बच्चों बुजुर्गों व गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें, साथ ही उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थों का सेवन कराएं। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को घर के अंदर आने से रोकें तथा जहाँ तक संभव हो अधिक से अधिक समय तक धूप में रहकर घर व्यायाम तथा मेहनत का काम ना करें, धूप में नंगे पांव ना चलें। इन सावधानियों को अपनाकर स्वयं को लू (तापघात) से बचा जा सकता है।

**लू ( तापाघात ) के लक्षण -**

लू का शिकार होने पर व्यक्ति में सिर दर्द, बुखार, उल्टी एवं अत्यधिक पसीना आना, बेहोशी, चक्कर आना, सांस फूलना, दिल की धड़कन तेज होना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐंठन तथा त्वचा लाल एवं सूखी होना जैसे अन्य लक्षण शामिल है।

लू से बचाव हेतु प्राथमिकी उपचार -

लू (तापाघात) होने पर रोगी को छायादार स्थान पर कपड़े गीले कर लिटायें एवं हवा करें। रोगी को बेहोशी की स्थिती में कोई भी भोज्य/पेय पदार्थ का सेवन नहीं कराएं एवं उसे तत्काल चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएं। रोगी के होश में आने की स्थिति में उसे ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का पना आदि पेय पदार्थों का सेवन कराएं। रोगी के शरीर के तापमान को कम करने के लिए उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियाँ रखें, प्रभावित व्यक्ति को शीघ्र ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र उपचार के लिए ले जाए। सीएमएचओ डॉ. केशरी ने बताया कि जिले के मेडिकल कॉलेज, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों में लू (तापघात) से बचाव हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां एवं ओ. आर. एस. की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत तथा सीएमएचओ ने जिले के नागरिकों से गर्मी के मौसम में लू (तापाघात) से बचाव हेतु आवश्यक उपाय को अपनाने का आग्रह किया है। जिससे स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकें।

# 10वीं संस्कृत विषय का परीक्षा हुआ संपन्न

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत 10 वीं की परीक्षा प्रारंभ हो गया है। जिले में परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर नियंत्रण लगाने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न दलों का गठन कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। 21 मार्च 2025 को हाई स्कूल के संस्कृत विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा हेतु बच्चों की दर्ज संख्या 11,613 उपस्थित 11241 एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या 372 है। हाई स्कूल परीक्षा हेतु गठित जिला स्तरीय निरीक्षण दल क्र. 1 द्वारा शा.उ.मा.वि. कोरकोमा, शा.उ.मा.वि. कुदमुरा, शा.उ.मा.वि. श्यांग का, दल क्र. 2. शा.उ.मा.वि. कोरबी धतूरा, सेजेस हरदी बाजार, शा.उ.मा.वि. बालक हरदी बाजार, शा.उ.मा.वि. भिलाई बाजार, सेजेस कुसमुंडा का, दल क्र. 3. शा.उ.मा.वि. नोनबिर्रा, शा.उ.मा.वि. सेंद्रीपाली, शा.उ.मा.वि. बोतली, शा.उ.मा.वि. रामपुर, शा.उ.मा.वि. बेहरचुंआ का, दल क्र. 4 शा.उ.मा.वि. गोपालपुर, आदर्श कटघोरा, शा.उ.मा.वि. बालक कटघोरा, शा.उ.मा.वि. कन्या कटघोरा, शा.उ.मा.वि. सिंघिया, शा.उ.मा.वि. बिंझरा, शा.उ.मा.वि. तुमान का, दल क्र. 5 आदर्श उ.मा.वि. बालको, सेजेस कन्या बालको, सेजेस बालको, शा.उ.मा.वि. बुधवारी, सेजेस एन.सी.डी.सी. कुल 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संचालित हुआ एवं एक भी नकल प्रकरण प्राप्त नहीं हुआ।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के साथ 24 को बैठक आयोजित

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में 24 मार्च 2025 को प्रात: 11 बजे सभी राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजनैतिक दलों से निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्राप्त कर आवश्यक चर्चा की जाएगी।

## आज आएगी अग्निवीर भर्ती परीक्षा का परिणाम

कोरबा । छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती का परिणाम 22 मार्च 2025 को घोषित होगा। उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे। अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी के वेबसाइट द्वठ्ठ पर अवलोकन कर सकते है। साथ ही सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी अवलोकन किया जा सकेगा।

सभी अभ्यर्थियां को 24 मार्च 2025 को सुबह 6:30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर (शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप) में प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना जरूरी है। सभी सफल अभ्यर्थियां की ट्रेनिंग 01 मई 2025 से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू होगी। भारतीय सेना द्वारा सभी सफल उम्मीदवारों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। इस हेतु अभ्यर्थियों को दलालों से सावधान रहने की समझाइश दी गई है।

## राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा कल

**कोरबा।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीन शिक्षण संस्थान नई दिल्ली के पहल एवं कलेक्टर व अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी व सदस्य सचिव के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा 23 मार्च 2025 रविवार को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिला के सभी प्राथमिक शालाओं में आयोजित की गई है।

इस राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान परीक्षा में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के द्वारा 25670 शिक्षार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके विरूद्ध विकासखंड करतला को 5000 कोरबा को 4000 कटघोरा को 4000 पाली को 6000 एवं पोड़ी उपरोड़ा को 6670 शिक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने का लक्ष्य दिया गया। ततसंबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं शिक्षार्थियां को परीक्षा में सुविधानुसार 1379 केंद्रों का चिन्हांन किया गया है। जिले एवं विकासखंड में नियंत्रण कक्ष निर्मित किए गए हैं केन्द्र निरीक्षण हेतु सर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयको को निर्देशित किया गया है। परीक्षा पश्चात डाटा एंट्री करने हेतु कर्मचारी नामांकित किए गए है। गांव में कोटवार के द्वारा मुनादी करा कर जागरूक किया जा रहा है। जिससे अधिकाधिक संख्या में शिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो सके। परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश एवं तैयारी के संबंध में जिला स्तर विकासखंड स्तर वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर समस्त बी.ई.ओ, बी.आर.सी. एवं सी.ए.सी. की बैठक आयोजित कर परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## इलाज हेतु निजी अस्पताल जाने वाले मरीज किसी भी लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से क्रय कर सकते है दवा

### हॉस्पिटल कैम्पस की फार्मेसी से दवा लेने के लिए मरीजों को बाध्य नहीं कर सकते निजी अस्पताल

**कोरबा ।** निजी अस्पतालों में इलाज हेतु जाने वाले आमजन किसी भी लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से दवाइयां क्रय कर सकते है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस सम्बंध में एडवाइजरी जारी करते हुए सभी निजी अस्पताल संचालकों को निर्देशित किया है कि वे मरीजो को अपने हॉस्पिटल कैम्पस में स्थित फार्मेसी से दवाइयां खरीदने के लिए दबाव नहीं बनाए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार प्राइवेट अस्पताल अपनी फार्मेसी से ही दवाएं खरीदने हेतु किसी भी मरीज पर दबाव या जबरदस्ती नहीं कर सकते है। साथ ही सभी निजी अस्पतालों में, मरीज किसी भी लायसेंस प्राप्त फार्मेसी से दवा खरीद सकतें हैं, इस आशय का स्पष्ट रूप से लिखा हुआ बोर्ड लगाना अनिवार्य है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निजी चिकित्सालय संचालको को निर्देशित किया है कि वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। मरीजों को चिकित्सालय कैम्पस की फार्मेसी से दवाये क्रय करने के लिए बाध्य नही करे तथा अपने चिकित्सालय में, मरीज किसी भी लायसेंस प्राप्त फार्मेसी से दवा खरीद सकतें हैं का स्पष्ट लिखा हुआ बोर्ड प्रदर्शित करें।

## महिलाओं व बच्चों के ट्रैफिकिंग-अनैतिक व्यापार की रोकथाम के संबंध में प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**कोरबा ।** जिले में अनैतिक व्यापार/ महिलाओं तथा बच्चों के ट्रैफिकिंग की रोकथाम अधिनियम 1956 तथा नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के तहत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशो तथा बच्चों के ट्रैफिकिंग के रोकथाम हेतु सभी स्तर पर प्रचार-प्रसार, बरामदगी तथा मानव व्यापार के उत्पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों के प्रशिक्षण एवं पुर्नवास हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस तथा श्रम विभाग से समन्वय कर पीड़ित महिलाओं बच्चों के बचाव कार्यशाला में प्रशिक्षित किया गया। उक्त कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री डिम्पल भेड़िया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री गजेन्द्र देव सिंह जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, श्री राजेश आदिले सहायक आयुक्त श्रम विभाग, श्रीमती शारदा वर्मा उप निरिक्षक पुलिस विभाग, श्रीमती रजनी मारिया घरेलू हिंसा, अतिथियों द्वारा इस संबंध में मानव को बल पूर्वक, पैसों का प्रलोभन देकर कमजोर, गरीब, अशिक्षित और बेरोजगार तथा जरूरतमदों को इस क्षेत्र के दलाल अपना शिकार बनाते है एवं उन्हें बंधक बनाकर व्यवसायिक तथा शारीरिक, मानसिक शोषण किया जाता है यह छत्तीसगढ़ की जशपुर, सरगुजा, रायगढ़, बस्तर आदि जिले में मानव तस्करी के दृष्टि अत्यधिक संवेदनशील है। कार्यशाला में श्रीमती रत्ना नामदेव जिला मिशन समन्वयक हब महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा, संबंधित पर्यवेक्षक एवं सदस्य स्थानीय शिकायत समिति कोरबा सदस्य स्त्रोत समिति, पी.एल.वी. विधिक सेवा प्राधिकरण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा महिलाएँ उपस्थित रहें।

## डीएमएफ से जिले के विद्यालयों में 568 शिक्षक दे रहे हैं सेवा

**कोरबा ।** जिले में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के दिशा निर्देशन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास के माध्यम से 568 शिक्षकों को मानदेय के आधार पर अतिथि शिक्षक के रूप में रखा गया है। जिसमें हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 118 लेक्चरर, माध्यमिक शाला में 107 शिक्षकों और प्राथमिक शाला में 343 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की गई। जिसमें 41 पीवीटीजी शिक्षक भी शामिल है। कुल 568 शिक्षकों की नियुक्ति जिले में की गई है। सभी शिक्षकों को मानदेय के आधार पर रखा गया है और डीएमएफ से उन्हें प्रतिमाह वेतन दिया जाता है। जिसमें हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययन कराने वाले शिक्षकों को 14 हजार प्रतिमाह, माध्यमिक शाला के शिक्षकों को 12 हजार और प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षकों को प्रतिमाह 10 हजार रुपए मानदेय के रूप में दिया जाता है।

# सचिवों की हड़ताल से पंचायतों का कामकाज ठप्प, ग्रामीण भटके



कोरबा जिले के पांचो ब्लॉक के पंचायत सचिवों की शासकीयकरण की मांग को लेकर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल आज चौथे दिन भी जारी रही, जिससे ग्रामीण प्रशासन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। सचिवों के कार्य बहिष्कार के कारण पंचायतों में कई अहम कार्य अटक गए हैं, जिससे ग्रामीण को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मानती, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। उनका मुख्य मांग शासकीयकरण (सरकारी कर्मचारी का दर्जा) है, जिसके बिना वे आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। हड़ताल के चलते ग्रामीणों का प्रधानमंत्री आवास जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया ठप पड़ गई है। मनरेगा समेत कई सरकारी योजनाओं के भुगतान और लाभार्थी सूची अपडेट करने का काम भी प्रभावित हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने छोटे-छोटे कामों के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। इस हड़ताल से सरकारी राजस्व पर भी असर पड़ रहा है, क्योंकि पंचायतों से जुड़े टैक्स और अन्य फंड संबंधी कार्य भी रुक गए हैं। कई जिलों में प्रशासन ने पंचायत सचिवों को काम पर लौटने के लिए नोटिस जारी किया है, लेकिन अभी तक इसका कोई असर नहीं दिख रहा है।धरना पर बैठे सचिव संघ के नेताओं का कहना है कि अगर सरकार जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाती है, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। वहीं, सरकार का पक्ष है कि इस विषय पर विचार किया जा रहा है और जल्द ही समाधान निकालने की कोशिश की जाएगी।

# रेल अंडरपास के निर्माण के लिए और प्रतीक्षा, पाइप लाइन का अड़ंगा

### इसी काम को पूरा करने में लगेंगे 6 महीने

**कोरबा।** संजय नगर रेल फाटक पर अंडरपास प्रस्तावित है। इसके लिए प्रशासन की ओर से जमीन चिन्हित करने के बाद इसकी जद में आने वाले भू-खंड को खाली करा लिया गया है। कार्य जल्द शुरू हो सके, इसके लिए निविदा की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन ऐसा लगता है कि अंडरपास का निर्माण कार्य वर्ष 2026 में ही शुरू हो सकेगा। वजह यह बताई जा रही है निर्माण से पहले 600 मीटर से ज्यादा के दायरे में पानी की पाइपलाइन को शिफ्ट करना जरूरी है। अकेले इसी काम को पूरा करने के लिए 6 महीने चाहिए।

कोरबा में कोयला परिवहन के लिए मालगाड़ियों की निरंतरता जन समस्या को देखते हुए रेल अंडरपास की जरूरत समझी गई । रेलवे और जिला प्रशासन मिलकर इस काम को पूरा करेगा। अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले इस पाइप लाइन को शिफ्ट होना आवश्यक है। इससे संबंधित प्रस्ताव नगर निगम की ओर से मेयर इन काउंसिल की बैठक में रखा गया था। काउंसिल ने इस प्रस्ताव पर विचार करने के बाद इसकी स्वीकृति दे दी है और अब इसे निविदा के लिए भेजा जा रहा है। बताया जाता है कि जिस स्थान पर अंडरपास प्रस्तावित है। वहां से होकर नगर निगम की पानी पाइप लाइन गुजर रही है। यह लाइन संजय नगर पानी टंकी से होकर रेलवे स्टेशन की ओर जाती है। इस लाइन से दो छोटी-छोटी पाइप लाइन भी निकलती है, जो मुरारका गली की ओर जाती है। नगर निगम की योजना इस पाइप लाइन को शिट करने की है। निगम की ओर से बताया गया है कि अंडरपास के लिए काम शुरू होने से पहले प्रस्तावित स्थल से 600 से 650 मीटर तक पाइप लाइन को स्थानांतरित करने की जरूरत होगी। निविदा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पाइप लाइन को शिफ्ट करने के लिए छह माह का समय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में यह कार्य पूरा हो, इसके लिए प्रक्रिया तेजी से चल रही है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन की ओर से संजय नगर रेल फाटक पर अंडरपास बनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य पर लगभग 30 करोड़ 97 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। अंडरपास बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पिछले साल 11 मार्च को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। तभी से अंडरपास बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इस कार्य के लिए जरूरी भू-खंड को नगर निगम की ओर से खाली करा लिया गया है। जिन लोगों के मकान अंडरपास की जद में आए हैं, उन्हें मुआवजा वितरण का कार्य भी जिला प्रशासन की ओर से पूरा कर लिया गया है। लगभग तीन करोड़ रुपए मुआवजा के तौर पर बांटे गए

## कटी लगभग 5 हजार विद्युत लाइने,उपभोक्ता परेशान

**कोरबा ।** कोरबा जिले के विद्युत मंडल में लगभग 5000 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की लाइन काट दी है, उपभोक्ता यह समझ ही नहीं पा रहे हैं कि आखिर लाइन कटी क्यों हैं। दरअसल संपूर्ण छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है, छत्तीसगढ़ में मात्र 20त्न यानि 11 लाख लोगों के यहां स्मार्ट मीटर लगाए गए, स्मार्ट मीटर उपभोक्ता उसके लाभ-हानि से अनभिज्ञ है, अचानक लगभग 5000 लोगों की लाइन काट दी गई। बताया यह जा रहा है कि कोरबा जिले में सिटी एरिया में 1,75,000 बिजली उपभोक्ता है जहां स्मार्ट मीटर लगाया जाना है, किंतु भारी विरोध के चलते कोरबा जिले में मात्र 20त्न लोगों के यानि लगभग 9000 ही स्मार्ट मीटर लगाए गए थे और वह स्मार्ट मीटर चालू भी कर दिए गए थे लेकिन उन्हें अभी तक यह नहीं मालूम किया यह मीटर प्रीपेड है, जिससे वे लोग पुराने मीटर की तरह निश्चित होकर बिजली का उपभोग कर रहे थे।

## नीति आयोग की टीम ने आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में विकास कार्यों की समीक्षा की

**कोरबा।** नीति आयोग,नई दिल्ली की यंग प्रोफेसनल सुश्री नूपुर गोहरी के नेतृत्व में एक टीम ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत कोरबा जिला के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक का दौरा किया। इस दौरान टीम ने जनपद पंचायत सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रमुख विकास संकेतकों की समीक्षा की और जमीनी हकीकत जानने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं ग्राम मड़ई का भ्रमण किया। ग्राम भ्रमण और बैठक का उद्देश्य आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, पोषण,शिक्षा,कृषि,आजीविका,जल,स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति का मूल्यांकन करना था। टीम ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आयुष्मान आरोग्य मंदिर,गुरसिया एवं ग्राम मड़ई का फील्ड विजिट किया।

बैठक में प्रमुख संकेतकों स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा,कृषि एवं आजीविका जल,स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण आदि की की समीक्षा की। सुश्री गोहरी ने पहले त्रैमासिक में एएनसी (गर्भावस्था देखभाल) पंजीकरण की दर ।संस्थागत प्रसव की संख्या। उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच की स्थिति। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पूरक पोषण योजना का लाभ। प्राथमिक से माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर छात्रों का संक्रमण दर ।बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों का प्रदर्शन ।स्कूलों में कार्यशील शौचालय और पेयजल उपलब्धता किसान उत्पादक संगठन के गठन की स्थिति। मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण की प्रगति ।एफएमडी कार्यक्रम के तहत पशुओं का टीकाकरण।

## कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 30 मार्च को प्रवेश परीक्षा

**कोरबा ।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 30 मार्च 2025 को दोपहर 12 से 02 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है। इस हेतु परीक्षा केंद्र प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा को बनाया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने सभी विकासखण्ड अधिकारियों को संबंधित परीक्षार्थियों से समन्वय स्थापित कर 28 मार्च 2025 तो प्रवेश पत्र वितरण पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

### बैठक रविवार को

**कोरबा ।** छ ग केवट निषाद समाज की आवश्यक बैठक तेइस मार्च रविवार को केवट भवन बुधवारी बाजार कोरबा में रखी गई है जिसमें आगामी दो अप्रैल को गुहा निषाद जयंती के संबंध में आवश्यक चर्चा की जावेगी ।

### थाना का किया निरीक्षण

कोरबा। बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा कोरबा जिले का दो दिवसीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न थाना परिसरों, पुलिस कार्यालयों एवं पुलिस बल की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान 20 मार्च 2025 को थाना दीपका का निरीक्षण किया गया, जहां अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की समीक्षा एवं पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के अगले दिन 21 मार्च को सुबह परेड निरीक्षण संपन्न हुआ, जिसमें पुलिस अधीक्षक कोरबा, सिद्धार्थ तिवारी के साथ कोरबा पुलिस के सभी राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों सहित कुल 152 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके पश्चात पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया गया, जिसमें उनकी तकनीकी स्थिति, कार्यक्षमता एवं रखरखाव की

## स्व. केशव लाल मेहता क्रिकेट प्रतियोगिता प्रेस क्लब कोरबा का अनुकरणीय प्रयास: आईजी डॉ.शुक्ला



**कोरबा।** स्व.केशव लाल मेहता क्रिकेट प्रतियोगिता पिछले 20 वर्षो से प्रेस क्लब कोरबा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रेस क्लब का यह आयोजन अनुकरणीय है। खेलों को आगे बढ़ाने की दिशा में कोरबा प्रेस क्लब का प्रयास सराहनीय है। प्रेस क्लब का यह आयोजन जिला ही नहीं बल्कि समूचे प्रदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। प्रेस क्लब ने खिलाडियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का उत्कृष्ट मंच प्रदान किया है। इसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है।

उक्त उद्गार घंटाघर आडिटोरियम खेल मैदान में प्रेस क्लब कोरबा द्वारा आयोजित स्व.केशव लाल मेहता क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिवस बतौर मुख्य अतिथि बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ.संजीव शुक्ला ने व्यक्त किए। आईजी श्री शुक्ला ने प्रेस क्लब के आयोजन में शामिल होकर खिलाडियों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, नगर निगम आयुक्त आशुतोष शर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्रीकांत कसेर, नौशाद खान, राकेश श्रीवास्तव, अमित पुरोहित, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र पालीवाल, जसराज जैन, सनद दास दीवान, सुरेश रोहरा, निर्मला शर्मा, नरेन्द्र मेहता, पार्षद अब्दुल रहमान शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब कोरबा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि आईजी श्री शुक्ला व विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया। प्रेस क्लब द्वारा आईजी को मोमेंटो प्रदान किया गया। मंच का संचालन प्रेस क्लब सचिव नागेन्द्र श्रीवास ने किया।

### मेयर इलेवन ने प्रेस क्लब कोरबा को 5 विकेट से हराया

प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच प्रेस क्लब कोरबा बनाम मेयर इलेवन के बीच खेला गया। प्रेस क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओव्हर में दो विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाए।

## दीपका में 27 मार्च को महाआंदोलन की घोषणा : खदान बंद और कार्यालय घेराव की चेतावनी

**दीपका।** बंशी दास महंत और राजेश जायसवाल के नेतृत्व में एस.ई.सी.एल. दीपका क्षेत्र के भू-विस्थापित प्रभावित रहवासियों ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर एक बड़े आंदोलन की घोषणा की है। यह महाआंदोलन 27 मार्च 2025, गुरुवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें दीपका कोयला खदान को बंद करने और महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव करने की योजना है। आंदोलनकारियों ने प्रशासन और प्रबंधन से अनुमति और उचित व्यवस्था की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें 5 दिनों के भीतर पूरी नहीं की गई, तो वे निर्धारित तिथि पर खदान का संचालन ठप कर देंगे और कार्यालय का घेराव करेंगे। इस दौरान होने वाली किसी भी क्षति की जिम्मेदारी एस.ई.सी.एल. प्रबंधन और शासन-प्रशासन पर होगी।

**आंदोलन के प्रमुख कारण और मांगें**

आंदोलनकारी अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं। इनमें शामिल हैं- रोजगार की मांग कलिंगा और अन्य निजी कंपनियों में 75 भू-विस्थापितों, उनके आश्रितों और स्थानीय लोगों को तत्काल रोजगार देने की मांग। महिलाओं के लिए रोजगार एस.ई.सी.एल. में भू-विस्थापितों, आश्रितों और क्षेत्रीय महिलाओं को 50 रोजगार हिस्सेदारी ।उचित मजदूरी- दीपका क्षेत्र के सभी ठेका मजदूरों और सफाई कर्मियों को उचित मजदूरी दर से भुगतान ।टेंडर में प्राथमिकता- भू-विस्थापितों और आश्रितों को 50त्न टेंडर में प्राथमिकता ।ड्राइवरों का भुगतान- जय अम्बे रोड लाइंस कंपनी के ड्राइवरों को एच.पी.सी. दर से भुगतान ।कंपनी कर्मियों का भुगतान- के.सी.सी. प्राइवेट कंपनी के सुपरवाइजर, हेल्पर और मिस्त्रियों को एच.पी.सी. दर से भुगतान।

सामाजिक सुरक्षा- सभी निजी कंपनियों और ठेका मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था ।मुआवजा और नापी ग्राम मालगांव में मकानों की शेष नापी पूरी करने और मुआवजा राशि तुरंत देने की मांग। प्रदूषण मुक्ति- गौरवपथ से भारी कोल परिचालन बंद कर विजयनगर बायपास रोड के माध्यम से संचालन सुनिश्चित करने की मांग, ताकि प्रदूषण और यातायात की समस्या से निजात मिले। आंदोलनकारियों का बयान नेतृत्वकर्ता बंशी दास महंत और राजेश जायसवाल ने कहा, हमारी मांगें लंबे समय से अनसुनी की जा रही हैं। भू-विस्थापितों और प्रभावितों के हक के लिए यह आंदोलन अब अपरिहार्य हो गया है। यदि प्रबंधन और प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाया, तो 27 मार्च को दीपका में बड़ा जनाक्रोश देखने को मिलेगा ।प्रबंधन और प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार एस.ई.सी.एल. प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी तक इस आंदोलन और मांगों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। आगामी दिनों में स्थिति पर नजर रखी जाएगी, क्योंकि यह आंदोलन क्षेत्र में तनाव और उत्पादन पर असर डाल सकता है। यह आंदोलन न केवल भू-विस्थापितों की समस्याओं को उजागर करता है, बल्कि कोयला खनन क्षेत्र में रोजगार, प्रदूषण और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर भी सवाल खड़े करता है।

### गोपालनारायण को हाईकोर्ट से झटका, रजिस्ट्रार व यूनियन के आदेश पर रोक

**कोरबा/बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस इंटक में चल रही कानूनी लड़ाई में गोपालनारायण सिंह को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार और ट्रेड यूनियन द्वारा 4 दिसंबर 2024 को पारित आदेश के प्रभाव और संचालन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है।

## न नपा चांपा में पेयजल संकट व विकास कार्यों पर समीक्षा बैठक आयोजित

**चांपा।** नगर पालिका चांपा में ग्रीष्म ऋतु के दौरान संभावित पेयजल संकट और अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दों को लेकर नपाध्यक्ष प्रदीप नामदेव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक. आयोजित की गई। बैठक में नपा उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह खटकर, सीएमओ भोला सिंह और नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गर्मी के दौरान नगर में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना और अन्य जनहितकारी कार्यों की समीक्षा करना था। इस दौरान पेयजल संकट से निपटने के लिए पहले से तैयारी करने के निर्देश दिए गए। नगर के जल स्रोतों की स्थिति की जानकारी ली गई और पेयजल टैंकरों की व्यवस्था करने की योजना पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही नगर में सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट्स के रखरखाव और लोक निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। नपाध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत न हो,

इसके लिए समय रहते सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। सफाई अभियान को नियमित रूप से चलाने और खराब स्ट्रीट लाइट्स को जल्द ठीक करने के भी निर्देश दिए गए। चांपा नगर में हर साल गर्मी के दौरान पानी की समस्या गंभीर हो जाती है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस बार समय पूर्व तैयारियों पर जोर दिया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि पानी के वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त जल आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। नगरवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने और नगर को स्वच्छ व सुचारु रूप से संचालित करने की दिशा में नपा सक्रिय नजर आ रहा है। बैठक से उम्मीद की जा रही है कि पेयजल समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# अपने उपज की कीमत पाने डेढ़ माह से भटक रहे किसान



**जांजगीर-चांपा।** समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों के भुगतान की समस्या खरीदी सम्पन्न होने के डेढ़ महीने बाद भी खत्म नहीं हो सकी है। अभी भी जिला सहकारी बैंकों में कैश की किल्लत और 25 हजार रुपए की भुगतान लिमिट ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि अंतर की राशि तो दूर समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान की राशि का भी पूरा भुगतान नहीं हो सका है। ना केवल शहर इलाकों की शाखाओं में बल्कि जिला मुख्यालय की शाखा में भी किसान भुगतान पाने सुबह से शाम तक कतार में लगे होते है।

राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की गई धान खरीदी का भुगतान भले ही किसानों के खाते में आनलाइन कर दी गई है। इतना ही नहीं शासन द्वारा अपने वायदे के मुताबिक अंतर की राशि का भी भुगतान किसानों के खाते में कर दिया गया है, लेकिन जिला सहकारी बैंक के खाते में जमा राशि को आहरण करना किसानों के लिए बेवजह परेशानी का सबब बन गया है। स्थिति यह है कि धान बेचने के शुरूआती दिनों से जिला सहकारी बैंकों में जो कैश की किल्लत हो रही थी, वह आज पर्यन्त दूर नहीं हो सकी है। ऐसे में किसान अपने ही खाते में जमा हुई

राशि को पाने के लिए मशक्कत करने विवश है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में कैश की किल्लत को देखते हुए जहां बैंकों में ग्रामवार सप्ताह में एक दिन भुगतान करने का वादा चुनावी घोषणा पत्र में किया गया था, इसको भी सरकार द्वारा नहीं किया गया, वहीं पूर्व में निर्धारित 25 हजार रुपए का लिमिट अभी तक खत्म नहीं हुआ है। इन बैंकों में बाकायदा एक दो परसेंट देने वाले लोगों 25 हजार से अधिक राशि भुगतान कर रहे हैं। वही किसानों को रकम कम होने का हवाला देते हुए उन्हें बार-बार घुमाया जा रहा है। यह हरकतें केवल जिला मुख्यालय जांजगीर के बैंक में ही नहीं है बल्कि अकलतरा बलौदा पामगढ़ सहित चांपा के भी बैंकों में इसी तरह से कमीशन के आधार पर किसानों को मोटी रकम दी जा रही है वहीं जरूरतमंद किसान जो अपने बच्चों की शादी विवाह करना चाह रहे हैं उन्हें बार-बार बैंक में राशि अधिक नहीं होने का हवाला देते हुए घुमाया जाता है जिसके कारण उनके वैवाहिक कार्यक्रमों की व्यवस्था में अड़चनें उत्पन्न हो रही है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित जिले के अकलतरा, चांपा, बलौदा, शिवरीनारायण, नवागढ़, पामगढ़ जिला सहकारी बैंक में सुबह से शाम तक किसानों की भीड़ लगी होती है।

**अंधे अधिकारियों को नहीं दिख रही यह आव्यवस्था**

जिमें में वैसे तो अनेक अधिकारी हैं जो खुद को ईमानदारी पुतला समझते हैं तथा छोटी-छोटी बातों पर वे अपने विभागों में चर्चा में रहते हैं। खाने को सभी अधिकारी यहां पदस्थ है किंतु किसने की दशा वे सुधारने में जरा भी रुचि नहीं दिख रहे हैं जिसके कारण इन बैंकों में इनके शाखा प्रबंधकों एवं उनके कर्मचारियों द्वारा किसानों का खुले आम शोषण किया जा रहा है।

## जेल निरीक्षण समिति ने जिला जेल खोखरा और उपजेल सक्ती का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा 21 मार्च।** जेल निरीक्षण समिति द्वारा जेलों में निरुद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री गजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये। जहां विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर की श्रेणी अंतर्गत कोई बंदी नहीं पाया गया। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जाएगा।

जेल अधीक्षकों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उ्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में



समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रारंभिक कार्यवाही की जा सके।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती पूजा तिवारी संरक्षण अधिकारी , श्री सम्मे सिंह कंवर, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, श्रीमती संतोषी वैष्णव सामाजिक कार्यकर्ता, जेल अधीक्षक खोखरा श्री डी डी टोंडर एवं जेल अधीक्षक सक्ती श्री सतीश भार्गव सहित जेलो के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ज्ञान भारती स्कूल में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान

**जांजगीर-चापा।** ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में 20 मार्च को संस्था के संचालक आर.सी. पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य आर. के. जैन, पूर्व जिला परियोजना अधिकारी शिक्षा विभाग संतोष कुमार कश्यप एवं समाजसेवी शशिकपूर की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विगत वर्ष 2023-24 में नर्सरी से 12 वीं तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को मेडल से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 2024-25 में विद्यालय द्वारा शैक्षणिक खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमें राखी, थाल सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता, आर्ट एण्ड क्राफ्ट डिजाइन, छोटे बच्चों के लिए मिट्टी के खिलौने बनाकर लाना, विज्ञान के मॉडल, क्रिकेट, खो-खो प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, रस्सी कूद, बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के संचालक श्री पाण्डेय ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन हमेशा करते हुए अपने माता-पिता एवं स्कूल का मान-सम्मानबढ़ाने की बात कही। पुरस्कार वितरण समारोह में सीमा कश्यप प्राचार्य हिंदी माध्यम, गणेशराम जांगड़े प्राचार्य अंग्रेजी माध्यम, देवेन्द्र राठौर वरिष्ठ कार्यालय प्रभारी, गीतेश राठौर कनिष्ठ कार्यालय प्रभारी, सुमन्त पटेल सहायक, योगेश पाण्डेय कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सचिव मोहम्मद इलाही की मनमर्जी को लेकर ग्रामीणों ने जिपं सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** नव निर्वाचित सरपंच एवं पंच निर्वाचित हुए हैं जिन्होंने ग्राम पंचायत को विकसित करने के लिए संकल्प लिया हुआ है। लेकिन नए-नए पंचायत के सदस्य बने पंच एवं सरपंच का निरादर करते हुए ग्राम के सचिव इलाही मोहम्मद कुरैशी ने ग्राम के पंचायत भवन में बिना सहमति के मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं। पंचों के द्वारा मनाही करने पर भी उनके द्वारा बोला गया कि मैं सचिव हूं। अपनी मर्जी का मालिक हूं। मुझे किसी नेता से डर नहीं है। न ही में किसी पंच और सरपंच की बात से सहमत रहूंगा। क्योंकि जो कार्य में कर रहा हूं अपने पैसे लगाकर कर रहा हूं और ग्राम पंचायत भवन में ही करूंगा। ऐसा बोल उपसरपंच व पंच की उपस्थित होने के बावजूद ग्राम पंचायत में चाल कटिंग कराया गया एवं मीडिया वाले को भी बुलाकर स्वयं ही मीडिया में प्रसारित किया और लोगों के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ है कि आवास दिलाने के नाम पर भी लोगों से पैसे की मांग की भी शिकायत आई है। इसको लेकर सभी पंचों के द्वारा यह समिति बनी की ग्राम पंचायत सचिव हमारी बात नहीं मान रहे हैं। तो हम यहां पर रहने नहीं देंगे एवं जनपद कार्यालय अकलतरा में सरपंच एवं पंचों के द्वारा सचिव के गलत काम को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। यह से जल्द से जल्द ग्राम पंचायत रसेड़ा से मुक्त कर अन्यत्र कहीं स्थांतरित किया जाए। सरपंच प्रतिनिधि सुरेश सिंह राज एवं ग्राम के पांच लोक नारायण निर्मलकर के द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे से भी इस बात को अवगत करा कर कार्यालय में सचिव को स्थानांतरित करने के लिए आवेदन दिया गया। यह बताया गया कि अकलतरा एवं ग्राम पंचायत रसेड़ा के सदस्यों के द्वारा बनाया गया ग्रुप में आए दिन

कुछ न कुछ अभद्रता भरी बातें पोस्ट किया जा रहा है। यह उचित नहीं है और इस लिए किसी भी परिस्थिति में ग्राम पंचायत के सरपंच और पंचों ने ठाना है कि सचिव मोहम्मद इलाही को ग्राम पंचायत रसेड़ा में नहीं रखा जाएगा। यदि ऐसा नहीं होता है तो ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सभी पंच अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए भी तैयार हैं। शासकीय कर्मचारी होकर भी वह शासन प्रशासन के नाम से सोशल मीडिया पर अभद्रता भरी बातें व्हाट्सएप पर पोस्ट किया जा रहा है और उनके द्वारा बोला जा रहा है कि मुझे हटाने के लिए आप लोगों को मुख्यमंत्री तक जाएंगे तो भी मुझे नहीं हटा पाओगे। यह बहुत बड़ी बात है की एक शासकीय कर्मचारी को ऐसी अभद्रता पूर्ण बातों को लेकर रोष है।

## युवक की हत्या मामले में तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम डभरा खुर्द का है। इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार 15 मार्च को डभरा खुर्द निवासी चित्रांश पटेल से मारपीट की गई थी। इस घटना के बाद युवक को रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले को लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल की जा रही थी। इसी दौरान गांव के राज केवट पिता अमरनाथ केवट उम्र 19 वर्ष, कृष्ण कुमार पटेल पिता बंशीलाल पटेल उम्र 27 वर्ष एवं मोहन लाल पटेल पिता बंशीलाल पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी डभरा खुर्द से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुरानी रंजीस को लेकर एक राय होकर घेर कर लात मुक्का डण्डा से सिर में मारकर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296,115(2), 351 (2),191 (2), 109,103 (1) बी.एन.एस.का प्रकरण पंजीबद्ध की जाकर विधिवत आरोपी को 21 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के 3 आरोपी घटना दिनांक से फरार है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक कृष्ण पाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा, सउनि तीजराम जांगड़े आरक्षक भूपेंद्र कुमार कंवर, आर. दीपक तिवारी, आरक्षक लक्ष्मीनारायण कश्यप का विशेष योगदान रहा।

## सक्षम योजना से जुड़कर महिलाएं स्वावलंबन की राह में बढ़ेंगी आगे

***रायगढ़।*** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत सक्षम योजना के तहत 07 महिलाओं को रोजगार से जोडने् हेतु 9 लाख 20 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है।जिन महिलाओं को ऋण राशि स्वीकृत की गई है उनमें शांति बाई राठिया ग्राम-छोटे गुमड़ा वि.ख. घरघोड़ा को कृषि कार्य हेतु 80 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार ज्योति धनवार ग्राम-छोटे गुमड़ा वि.ख.घरघोड़ा को कृषि कार्य हेतु 80 हजार, मूंगामती राठिया ग्राम-खडग़ांव तहसील धरमजयगढ़ को बकरी एवं गाय पालन हेतु 1 लाख 20 हजार, प्रेमलता अगरिया ग्राम-शेरबन दर्रीडीह पो.ओंगना धरमजयगढ़ को मुर्गी पालन एवं आटा चक्की हेतु 1 लाख 20 हजार, मंजू भीष्म रेलवे लाईन पारा किरोड़ीमल नगर रायगढ़ को टेंट सामान हेतु 2 लाख, सुकांती चौहान ग्राम-सहसपुरी तहसील व जिला-रायगढ़ को कृषि कार्य हेतु 2 लाख, लक्ष्मीन कुर्रे कयाघाट एसईसीएल रोड रायगढ़ को सब्जी एवं फल दुकान हेतु 1 लाख 20 हजार रूपये स्वीकृत किए गए हैं।


### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

दर्री जोन

फा.क्र./770 / निर्माण (दर्री जोन)/2024/ कोरबा, दिनांक 18.03.2025

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि -02.04.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि -02.04.2025 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
| --- | --- | --- | --- |
| 01 | वार्ड क्र. 43 अंतर्गत मेन रोड में दुर्गा पण्डाल में शेड निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास 2024) (पंचम निविदा) | 15,00,000/- | 11,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट website :www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//


# आगजनी से निपटने 2 नई दमकल मिलेगी

**जांजगीर चांपा।**

सक्ती जिलेवासियों के लिए अच्छी खबर है। जांजगीर-चांपा जिले से विभाजित होकर अस्तित्व में आए सक्ती जिले को ढाई साल बाद बाद आगजनी से निपटने के लिए अब अपना खुद का फायर बिग्रेड गड़ियां होंगी। सक्ती जिले के लिए दो नई बड़ी फायर बिग्रेड वाहन की खरीदी की गई है।

दोनों गाड़ियां जांजगीर-चांपा जिले के जिला सेनानी कार्यालय में पहुंच भी चुकी है। कुछ कागजी प्रक्रिया बाकी है। इसके बाद जल्द ही दोनों गाड़ियां सक्ती जिले के लिए रवाना हो जाएगी। इससे आगजनी की स्थिति में विभाग को आग बुझाने में बड़ी सुविधा होगी। अभी सक्ती जिला अंतर्गत आगजनी की घटना होने पर दूरी सबसे बड़ी बाधा साबित होती है। यहां से वाहन पहुंचने में लंबा समय लग जाता है। ऐसी सूरत में आग बुझाने के लिए स्थानीय उद्योगों की मदद लेनी पड़ती है। जिसमें कई बार समय पर मदद नहीं मिल पाती। तब आगजनी से निपटना चुनौती साबित होती है। ऐसी स्थिति में जिला स्तर पर ही वाहन मौजूद रहने से ऐसी घटनाएं होने पर आगजनी स्थल पर जल्दी पहुंचने और आग पर काबू पाने मदद मिलेगी।

**जल्द ही प्रक्रिया कर ली जाएगी पूरी: जिला सेनानी**

जिला सेनानी जांजगीर-चांपा योग्यता साहू ने बताया कि सक्ती जिले के लिए दो नई फायर बिग्रेड वाहन मिली है। इससे दोनों जिले में अब पांच गाड़ियां हो जाएंगी। इससे आगजनी जैसी स्थिति बनने पर काबू पाने पर बड़ी सुविधा होगी। आवश्यकता पड़ने पर उद्योगों के दमकल वाहनों से भी मदद मिलती है। इससे भी दोनों शहर के लोगों को बड़ी



सहायता होती है।

**दोनों जिला मिलाकर अब पांच गाड़ियां हो जाएंगी**

ष्ट्त हृद्र2ह्य आगजनी की घटनाएं जिले में आए दिन होती रहती है। लेकिन गर्मी के दिनों में आगजनी की घटनाएं और ज्यादा होती है। ऐसे सूरत में आगजनी पर काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड वाहन का एकमात्र सहारा होता है। वर्तमान में जांजगीर-चांपा जिले की बात करें तो यहां दो बड़ी फायर बिग्रेड वाहन है और एक मिनी फायर बिग्रेड वाहन है।

इन तीन वाहनों के जरिए ही जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले में आगजनी की घटना से निपटा जाता है। जो दोनों जिले के क्षेत्रफल के हिसाब से पर्याप्त नहीं था। ऐसे में सक्ती जिला अलग होने के बाद वहां के लिए अलग से वाहनों की जरूरत महसूस की जा रही है। इसके लिए जिला सेनानी कार्यालय के माध्यम से शासन को मांग भेजा गया था। जिसे मंजूरी मिली गई थी और दो नई चमचमाती गाड़ियां जिले को मिल चुकी है। चूंकि सक्ती जिले में वाहनों को रखने पर्याप्त सुविधा नहीं है। **इसलिए वाहनों को अभी जिला कार्यालय में रखा गया है।**

आगजनी पर इन नंबरों में कर सकते हैं सूचित जिले में आगजनी की घटना होने पर आमजन इन नंबरों में कॉल कर सूचना दे सकते हैं। इसमें डॉयल 112 के अलावा लैंडलाइन नंबर 07817-299188 व मोबाइल नंबर 9770286866 पर कॉल कर सकते हैं।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती नगमा अख्तर पति श्री मो. कलीम, उम्र लगभग 31 वर्ष, जाति-मुसलमान, पता क्वा.नं. एल.आई.जी.93 शिवाजी नगर कोरबा, तह. व जिला-कोरबा छ.ग. का होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम नगमा अख्तर पति मो. कलीम है जो कि सही व सत्य है। मेरे द्वारा जन्म प्रमाण पत्र संबंधित कार्यालय कोरबा से बनवाया गया है, जिसमें त्रुटिवश मेरा नाम नगमा लिखा गया है। मेरा वास्तविक एवं पूरा नाम नगमा अख्तर पति श्री मो. कलीम है। जिसे सुधार कर श्रीमती नगमा अख्तर पति श्री मो. कलीम लिखा जावे, पढ़ा जावे, जाना एवं पहचाना जावे। मेरे द्वारा अपने के संबंध में दी गई जानकारी सही व सत्य है किसी प्रकार का असत्य कथन नहीं किया गया है किसी भी असत्य कथन के लिए मैं स्वयं जवाबदार रहूंगी। यह शपथ पत्र उपरोक्त के प्रमाण में निष्पादन किया गया है जिसे प्रमाण स्वरूप मेरा वास्तविक नाम श्रीमती नगमा अख्तर होने के प्रमाण में संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
**नगमा अख्तर**
**पति श्री मो. कलीम**
क्वा.नं. एल.आई.जी.93, शिवाजी नगर कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)


## 9 माह बाद भी जीवनदीप समिति की नहीं हो पाई बैठक

**सक्ती।** सक्ती जिला जीवनदीप समिती का गठन सक्ती जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने 9 महीने पहले गठन कर कलेक्टर अमृत टोपनों के लेटर शासन ने भेजा था, उन्होंने तत्काल उसे लेटर की सक्ती सी एच एमओ कार्यालय सक्ती के भेज दिया गया या लेकिन सी एच एमओ ने सभी तक सदस्यों का बैठक तो दूर परिचयात्मक बैठक तक के लिए नही बुलाया गया है। शासन का उदेश्य जीवन दीप समिति का गठन कर जिले की अन्तर्गत आने वाले समुदाय स्वास्थ्य केन्द्रो पर होने वाले साफ-सफाई, मेडिसिन, अन्य सुविधाओं के लिए समिति के सदस्यो को अवगत कराना होता है और शासन तक उन कमियों को पहुंचाने का कार्य उन समिति के सदस्यों के द्वारा किया जाता है लेकिन दुर्भाग्य है सक्ती जिला का समिति का गठन तो हो गया है लेकिन आज तक भी समिति के सदस्यों के साथ बैठक तक नही हुई लापरवाहीं करें या दुभाग्य गठन हुए 9 महिने होने को है, लेकिन सदस्यों की बैठक तक के लिए नहीं बुलाया गया है यदि बैठक होती है तो स्वास्थ्य विभाग में किए गए कारनामों एवं घोटाले की जानकारी ना हो जाए इसलिए बैठक करना उचित नहीं समझते है। जबकि जिला जीवनदीप समिति की अध्यक्ष सांसद होता है एवं सचिव कलेक्टर होते है।

## किसान ने किया शुगर फ्री धान उगाने का दावा, महेश्वरी फूल नाम से कराया पेटेंट

**जांजगीर चांपा।** जिले के एक किसान ने ओडिशा से लाए गए पुराने धान को सहेज कर रखा और उस धान को चावल में बना कर खाने के बजाय अपने खेत में लगाना शुरू कर दिया. साथ ही किसान ने धान को महेश्वरी फूल के नाम से पेटेंट भी करा लिया है. किसान का दावा है कि इस धान में अन्य धान की तुलना में कम चीनी है. जिसे जांच के लिए लैब में भी भेजा गया है. यदि लैब रिपोर्ट में चीनी कम पाई जाती है तो इससे किसान को जिले के साथ-साथ प्रदेश में नई पहचान मिल सकती है.

## जर्जर क्वार्टर में रह रहे बर्खास्त आरक्षक की करंट से मौत

**जांजगीर-चांपा।** पुराने व जर्जर मकान में रहने वाले बर्खास्त आरक्षक की शुक्रवार को करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

50 साल पुराने अजाक थाना के पीछे सरकारी आवास की छत में पालिथीन ढके हुए हैं, इनमें से कई टूट चुके हैं। दीवारों की हालत भी ठीक नहीं है। दूसरी कोई व्यवस्था नहीं होने से मजबूरी में जवान परिवारों के साथ जर्जर क्वार्टर में ही रहने को मजबूर हैं। यह समस्या कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को भी बताई गई, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। थाने में प्रभारी सहित 21पुलिसकर्मी है। कुछ कर्मियों ने जिला मुख्यालय पर किराए का मकान ले रखा है। वहीं कुछ जवान ऐसे भी हैं, जो रोज आसपास कहीं दूर अपने गांव से ड्यूटी पर आते हैं। हालांकि पुलिस जवान के लिए पुलिस लाइन के पास क्वार्टर बनाया गया। जिसमें कुछ पुलिसकर्मी परिवार सहित रहते हैं। लेकिन अजाक थाना के पास क्वार्टर को कंडम घोषित कर देना चाहिए, सभी पुलिसकर्मियों के

परिवार को वहीं रहने की अनुमति दी जानी चाहिए। लेकिन जिम्मेदार को कोई सरोकार नहीं है। इस जर्जर भवन में सब कुछ जुगाड़ में चल रहा है। यहां बोर लगा हुआ है, उसमें जीआई तार फैला हुआ था। शुक्रवार की सुबह बर्खास्त पुलिस हेमंत विजय स्नान किया। इसके बाद कपड़ा सुखा रहा था, इसी दौरान करंट की चपेट में आया। परिजन तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## पीएम मोदी आ रहे छत्तीसगढ़ : डिप्टी सीएम साव ने तैयारियों का लिया जायजा, कहा -प्रदेश को मिलेगी कई बड़ी सौगातें

**बिलासपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। बिलासपुर में बिल्हा के मोहभट्ठा में पीएम का कार्यक्रम प्रस्तावित है। पीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। डिप्टी सीएम अरुण साव आज सेक्रेटरी मनोज पिंगुआ के साथ तैयारियों की समीक्षा करने मोहभट्ठा कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे।डिप्टी सीएम साव ने जिले के तमाम अधिकारियों से चर्चा करते हुए जिम्मेदारियों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए और तैयारियों का जायजा भी लिया। डिप्टी सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा ऐतिहासिक होने जा रहा है। साव ने कहा, प्रदेश में सरकार बनने के 14 महीने बाद पीएम का यह पहला दौरा है। ऐसे में प्रदेश को इस दिन पीएम मोदी कई बड़ी सौगात देने जा रहे हैं, जिसमें रेलवे, एनएच,एनटीपीसी सहित सरकार की अलग-अलग परियोजनाएं शामिल हैं। डिप्टी सीएम ने पीएम के दौरे को खास बनाने के लिए जिले में स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के साथ विभागों व अधिकारियों को अलग- अलग टास्क भी सौंपे हैं.

## श्रीमती पुनाई बाई चौहान

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सुकली के प्रतिष्ठित नागरिक कौशल प्रसाद चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती पुनाई बाई चौहान का 14 मार्च को 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र चंद्रपाल चौहान ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजाति बन्धु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। श्रीमती चौहान रामपाल चौहान, नरेंद्र चौहान की माता थी।

## श्रीमती रुपनबाई देवांगन

**चांपा।** स्थानीय देवांगन समाज के प्रतिष्ठित नागरिक मंझली तालाब निवासी जानकी प्रसाद देवांगन की माता श्रीमती रुपन बाई देवांगन का गुरुवार 20 मार्च को निधन हो गया। वे 100 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती देवांगन अपने पीछे चार पुत्रों एवं एक पुत्री समेत नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 21 मार्च को पूर्वान्ह 10.30 बजे चरण नगर में हसदेव नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओ सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## अनमोल वचन......

**ग्रन्थालय को कण्ठस्थ करनेवाले की अपेक्षा अधिक शिक्षित हैं।**

## मुठभेड़ों पर आलोचनात्मक टिप्पणियां

*यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता। उत्तर प्रदेश में एनकाउंटर (जिनके बारे में आरोप है कि उनमें ज्यादातर फर्जी होते हैं) और बुल्डोजर राज इतना आम फहम हो गया है कि उनसे कानून के राज के ध्वस्त होने को लेकर आशंकाएं गहराती चली गई हैं। देखा गया है कि मोटे तौर पर ऐसी कार्रवाइयों के निशाने पर अल्पसंख्यक समुदाय के लोग होते हैं। चूंकि उनसे सहानुभूति जताना आज राजनीतिक रूप से घाटे का सौदा माना जाता है, इसलिए उनसे जुड़ी घटनाओं पर सियासी दायरे में कोई बड़ा शोरगुल नहीं होता। इसको लेकर सवाल तभी उठते हैं, जब इनका निशाना राजनीतिक रूप से किसी रसूखदार समुदाय का व्यक्ति बने।*

*ऐसे ही सवाल अभी उत्तर प्रदेश में गर्म हैं। राज्य के सुल्तानपुर जिले में 28 अगस्त को एक गहने की दुकान में डकैती हुई, जिसमें करीब दो करोड़ रुपये के कीमती सामान लूट लिए गए। पुलिस ने धर-पकड़ शुरू की। छह दिन बाद एक मुठभेड़' में तीन लोगों को घायल कर गिरफ्तार कर लिया। अगले दिन यानी चार सितंबर को एक व्यक्ति ने अदालत में समर्पण कर दिया। छह सितंबर को यूपी की स्पेशल टास्क फोर्स ने मंगेश यादव नाम के एक अभियुक्त को मुठभेड़ में मार गिराया। मंगेश के परिजनों का आरोप है कि दो दिन पहले उसे एसटीएफ वाले पूछताछ के लिए घर से उठा ले गए थे और फिर मुठभेड़ में उसके मारे जाने की खबर आई। परिजनों का आरोप है कि यह एनकाउंटर नहीं बल्कि हत्या है। उसके बाद से राज्य में एनकाउंटर को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी इस मामले में राज्य की योगी सरकार पर निशाना साधा है। लेकिन यूपी में एनकाउंटर कोई नई घटना नहीं है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष ने मुठभेड़ों पर सवाल उठाए हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने आलोचनात्मक टिप्पणियां की हैं। लेकिन आम तजुर्बा है कि यूपी सरकार पर कोई असर नहीं होता। उलटे सरकार एनकाउंटर करने वालों को पुरस्कार देती रही है। आरोप है कि यूपी सरकार ने एनकाउंटर को राजकीय नीति बना रखा है और वह बेहिचक इसको आगे बढ़ा रही है।*

## राशिफल

**मेष राशि** - आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा।

**वृष राशि** - आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो।

**मिथुन राशि** - आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**कर्क राशि** - आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी, रिश्तों में ईमानदारी बनाए रखें। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपके अंदर कॉन्फिडेंस बना रहेगा।

**सिंह राशि** - आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे।

**कन्या राशि** - आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपका ट्रांसफर आपके मन पसंद जगह पर हो सकता है। आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना है। परिवार में अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। आज आपके घर पर रिश्तेदार आ सकते है, घर में अच्छा माहौल बना रहेगा।

**तुला राशि** - आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल- मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। अपनी क्षमताओं को पहचाने क्योंकि आपके अंदर ताकत की नहीं बल्कि इच्छा शक्ति की कमी है।

**वृश्चिक राशि** - आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।

**धनु राशि** - आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। जो लोग जॉब की तलाश में हैं उनको अच्छा रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**मकर राशि** - आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में चल रही अनबन से छुटकारा पाने के लिए लिए आप अपने रिश्तों में थोड़ी ढ़ील देंगे।

**कुंभ राशि** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। आज खुद पर ध्यान देंगे। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जाएगा। काम में आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिलाएगा। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा। जिंदगी की भाग दौड़ में आज आप खुद को खुशनसीब पाएंगे क्योंकि आपका जीवनसाथी वाकई बेहतरीन है। अपना ध्यान ईश्वर भक्ति में लगाये मन शांत रहेगा।

**मीन राशि** - आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है, नहीं तो रिश्तों में अनबन भी देखने को मिल सकता है। आज बच्चे स्कूल का काम पूरा करने के लिए आप से मदद ले सकते हैं।

# शिष्टाचार पुलिस क्या बला है?

**अजीत द्विवेदी** **पुलिस और शिष्टाचार आमतौर पर एक दूसरे के विपर्यय यानी एक दूसरे के विपरीत अर्थ वाले माने जाते हैं। तभी जब भी पुलिस सुधारों की बात होती है तो सबसे पहले पुलिसकर्मियों को शिष्टाचार का प्रशिक्षण देने की बात कही जाती है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक रहे प्रकाश सिंह ने भी अपनी सिफारिशों में यह बात कही है तो देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने कई इंटरव्यू में इस पर जोर दिया कि पुलिस को आधुनिक तकनीक व हथियारों का प्रशिक्षण देने के साथ साथ सार्वजनिक जीवन में आम नागरिकों के साथ सभ्य और सलीके का व्यवहार करने का प्रशिक्षण भी देना चाहिए।**

दुनिया के सभ्य व विकसित देशों में नागरिक पुलिस को दोस्त मानते हैं तभी वहां अभिभावक अपने बच्चों को किसी भी संकट की स्थिति में पुलिस के पास जाने की सलाह देते हैं, जबकि भारत में भले लोग यज्ञ, हवन आदि कराते हैं कि पुलिस से पाला न पड़े। अभिभावक अपने बच्चों को पुलिस से दूर रहने की सलाह देते हैं। कुल मिला कर स्थिति यह है कि पुलिस की मौजूदगी आमतौर पर लोगों को सुरक्षा का अहसास नहीं कराती है, बल्कि भय और असुरक्षा का भाव पैदा करती है।

तभी दिल्ली में 'एंटी ईव टीजिंग स्क्वॉड' का गठन और उसका नाम 'शिष्टाचार स्क्वॉड' रखने का दिल्ली सरकार का फैसला बहुत दिलचस्प जान पड़ता है। यह मानने में कोई हिचक नहीं है कि यह फैसला राजनीतिक है और राजनीतिक कारणों से किया गया है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार ने एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया, जिसका घोषित मकसद तो महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना था लेकिन असल में लव जिहाद के अपने चुनावी एजेंडे को ध्यान में रख कर राज्य सरकार ने यह फैसला किया था। राजधानी दिल्ली में सीधे तौर पर लव जिहाद रोकने के लिए किसी एंटी रोमियो स्क्वॉड के गठन की बात नहीं की जा सकती थी इसलिए महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ और अपराध को रोकने के लिए 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बनाने की घोषणा हुई है।

ऐसा लग रहा है कि यह स्क्वॉड शिष्टाचार की बजाय नैतिकता पुलिस के तौर पर काम करेगी। इससे लड़कियां और महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी या नहीं यह नहीं कहा जा सकता है लेकिन युवा जोड़े इनसे आशंकित जरूर रहेंगे। बजरंग दल के कार्यकर्ता वेलेंटाइन डे वगैरह पर जो काम अनधिकृत रूप से करते हैं उसी से मिलता जुलता काम यह स्क्वॉड सालों भर अधिकृत रूप से करेगा। यह भाजपा की नई राज्य सरकार का एजेंडा इसलिए भी लग रहा है क्योंकि आम आदमी पार्टी की 10 साल की सरकार के समय भी तो पुलिस केंद्र की भाजपा सरकार के पास ही थी। तब इस तरह का स्क्वॉड बनाने की जरुरत क्यों नहीं महसूस की गई थी।

ऐसा मानने का आधार यह भी है कि अगर दिल्ली सरकार चाहती है कि वह महिलाओं को सुरक्षित रखे भी और सुरक्षित महसूस भी कराए तो उसके लिए अलग से किसी पुलिस फोर्स की जरुरत नहीं है। सामान्य पुलिसिंग को चाक चौबंद करके ऐसा किया जा सकता है। महिलाओं के साथ अपराध की जो शिकायतें पुलिस के पास पहुंचती है उन शिकायतों को तत्काल दर्ज किया जाए और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तो अपने आप महिलाओं के प्रति अपराध में कमी आएगी। ऐसे ही महिलाओं के खिलाफ अपराध के जो मामले पहले से दर्ज हैं अगर पुलिस उन मामलों में जल्दी से जल्दी सजा करा देती है तो उससे भी अपराधियों में खौफ बनेगा।

यह ध्यान रखने की जरुरत है कि सार्वजनिक जगहों पर महिलाओं के साथ उतने अपराध नहीं होते, जितने घरों में, परिचितों की मौजूदगी में, स्कूल व कॉलेजों में या कार्यस्थलों पर होते हैं। वहां न तो पुलिस मौजूद रह सकती है और न 'शिष्टाचार स्क्वॉड' के लोग मौजूद रहेंगे। इसलिए महिलाओं को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना होगा कि वे झिझक छोड़ कर या पुलिस का डर छोड़ कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उनमें यह भरोसा स्थापित करना होगा कि थानों में उनके साथ बदसलूकी नहीं होगी या उनकी कमजोरी का फायदा नहीं उठाया जाएगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी शिकायत पर पुलिस ईमानदारी से और त्वरित कार्रवाई करेगी। यह सुनिश्चित करने की बजाय सरकार 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बना रही है, जबकि यह काम सामान्य पुलिसिंग के जरिए हो सकता है।

महिलाओं के साथ छेड़छाड़ या उनके प्रति अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए इस तरह के दिखावे की जरुरत नहीं है, बल्कि व्यापक और समग्र योजना बनाने की जरुरत है। इसमें महिला थानों व महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाना एक उपाय है। पुलिसकर्मियों को नागरिकों और खास कर महिलाओं के साथ सलीके का व्यवहार करने का प्रशिक्षण देना दूसरा उपाय है। अभियोजन के लिए अलग शाखा या स्क्वॉड बनाना भी एक उपाय है ताकि जो मामले पुलिस के पास पहुंचे उनमें जल्दी से जल्दी न्यायिक कार्रवाई पूरी कराई जा सके।न्यायपालिका में भी जैसे पॉक्सो मामलों के लिए अलग अदालतें हैं वैसे ही महिलाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए अलग से व्यवस्था करने की जरुरत है। अगर थाने में शिकायत लेकर जाने में महिलाएं सुरक्षित और सहज महसूस करने लगें और उन्हें भरोसा बने की पुलिस की जांच और न्यायिक प्रक्रिया उनके लिए सजा नहीं बन जाएगी तो वे खुद ब खुद आगे आएंगी और अपने ऊपर होने वाले अपराध की शिकायत करेंगी। इसकी बजाय पुलिस अगर अपराध खोजने जाती है तो उसके कई खतरे हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि पुलिस सार्वजनिक जगहों पर, पार्क, गार्डेन आदि में और मॉल्स में मोरल पुलिसिंग में लग जाएगी। ऐसा न हो यह सरकार और पुलिस दोनों को सुनिश्चित करना होगा।

इस पूरी प्रक्रिया में एक बड़ा सवाल सरकार की प्राथमिकता का भी है। क्या दिल्ली को विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए पुलिसिंग की पहली जरुरत यही है कि 'शिष्टाचार स्क्वॉड' बनाया जाए। राजधानी दिल्ली गैंगस्टर्स की राजधानी बन गई है। यहां दर्जनों गैंग ऑपरेट करते हैं, जो बड़े अपराध को अंजाम देते हैं। 'इंडियन एक्सप्रेस' की एक रिपोर्ट के मुताबिक कम से कम 12 गैंग ऐसे हैं, जिनके सरगना विदेश में हैं और राजधानी व एनसीआर के इलाके में गैंग चला रहे हैं। हिमांशु भाऊ अमेरिका में है तो कपिल सांगवान ब्रिटेन में है। गोल्डी बरार अमेरिका में, अर्श डल्ला कनाडा में, रोहित गोदारा कनाडा में, जग्गा धुरकोट अमेरिका में, लक्की पटियाल आर्मेनिया में, अमरजीत बिश्नोई इटली में, वीरेंद्र चरण अमेरिका में, नवीन बॉक्सर दुबई में, सुभाष बराला दुबई में तो नोनी राणा इटली में है। इनके गैंग राजधानी दिल्ली व एनसीआर में रंगदारी वसूलने और लोगों को डराने का काम करता है।

इनके अलावा काला जठेड़ी या हाशिम बावा जैसे अनेक गैंग और हैं, जिनके सरगना विदेश में नहीं हैं। पुलिस की प्राथमिकता क्या यह नहीं होनी चाहिए कि महाराष्ट्र की तरह संगठित अपराध को रोकने के लिए अलग से पुलिस का दस्ता बनाते और इन गैंग्स की गतिविधियों पर रोक लगाएं। कई गैंग जेल की चारदिवारी के भीतर से ऑपरेट हो रहे हैं। दिल्ली में आए दिन हत्याएं हो रही हैं, गोलीबारी हो रही है, लोगों की दुकानों पर फायरिंग करके वसूली की मांग की जा रही है। इन पर कार्रवाई करने की बजाय दिल्ली सरकार मॉल्स, सिनेमा हॉल्स, पार्क, गार्डेन, बाजारों आदि में छेड़छाड़ रोकने के लिए विशेष दस्ता बना रही है। बताया जा रहा है कि हर जिले में दो दस्ते होंगे। हर दस्ते में 12 पुलिसकर्मी होंगे, जो साधी वर्दी में रहेंगे। जाहिर है कि दो करोड़ से ज्यादा आबादी के लिए पुलिस के 12 या 14 दस्ते किसी काम नहीं आने वाले हैं। राजधानी में हजारों सार्वजनिक जगह हैं, जहां छेड़छाड़ की या महिलाओं के प्रति अपराध की घटनाएं हो सकती हैं। उन्हें रोकने के लिए दस्ता बनाने की बजाय थानों में पहुंचने वाली या पहले से लंबित महिलाओं की शिकायतों का निपटारा हो तो महिलाओं में भरोसा और अपराधियों में भय बनेगा।

# पीएम जनमन से बैगा परिवारों की बदल रही तस्वीर और तकदीर

//नसीम अहमद खान//

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए संचालित पीएम जनमन योजना (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान) के चलते छत्तीसगढ़ राज्य के अति पिछड़े जनजातीय समुदाय तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर तेजी से बदलने लगी है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के रहवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विकास होने लगा है। बरसों-बरस से आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित इन जनजातीय समूहों को अब मिशन मोड में यह बुनियादी सुविधाएं सुभल होने लगी है।**


मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य के सभी विशेष पिछड़ी जनजातीय इलाकों में बुनियादी विकास एवं निर्माण के कार्य तेजी से कराये जा रहे है। राज्य में पीएम जनमन योजना को शुरू हुए अभी एक साल का भी अरसा पूरा नहीं हुआ है, फिर भी छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता के चलते इसके सार्थक परिणाम दिखाई देने लगे है। कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के चलते बैगा समुदाय की तकदीर और इनकी बसाहटों की तस्वीर बदलने लगी है।

छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर-पश्चिम भाग में स्थित कबीरधाम, राजनांदगांव, मुंगेली, बिलासपुर और कोरिया जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लोग निवास करते है। जनसंख्यात्मक दृष्टिकोण से बैगा, छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों में सर्वाधिक आबादी वाला जनजाति समुदाय है। छत्तीसगढ़ राज्य में उक्त 5 जिलों में बैगा समुदाय के 24 हजार 589 परिवार निवासरत है, जिसमें से लगभग 46 प्रतिशत यानि 11 हजार 261 परिवार कबीरधाम जिले में रहते हैं।

कबीरधाम जिले के बोड़ला एवं पंडरिया में बैगा समुदाय के लोग निवास करते हैं। इस समुदाय की 38 बसाहटों में निवासरत 255 परिवारों के घरों में विद्युत सुविधा से रौशन किया जा चुका है, जबकि 56 बैगा बसाहटों को जोडने् के लिए 186.20 किलोमीटर लम्बाई वाली 47 सड़कों के निर्माण के लिए 135.72 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इनमें से 42 सड़कों के निर्माण प्रारंभ हो चुका है, जिसके अंतर्गत पक्की डामरीकृत सड़क एवं नदी-नालों पर पुल-पुलियों का निर्माण जारी है।

कबीरधाम के पंडरिया विकासखंड के ग्राम भागड़ा, जामुनपानी, कामठी, कुई, मंगली सारपानी





टाकटाईयां, बदना, गुडा, छिरहा, मुनमुना, नेउर और लालपुर में विशेष शिविर लगाकर बैगा समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य एवं सिकलसेल की जांच के साथ ही 1870 बैगा परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं। इन गांवों के 86 गर्भवती माताओं का सुरक्षित प्रसव कराया गया। स्वास्थ के प्रति जन-जागरूकता का विशेष अभियान संचालित करने का यह परिणाम है कि अब बैगा समुदाय की महिलाएं भी प्रसव के लिए सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में बिना झिझक आने लगी है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेती-किसानी के लिए दी जा रही मदद के चलते अब बैगा समुदाय के लोग बेवर खेती को छोड़ परंपरागत तौर-तरीकों से खेती-किसानी करने लगे है। बेवर खेती दरअसल झूम खेती है। बैगा समुदाय के लोग एक स्थान पर स्थायी तौर पर निवास न करने के कारण बेवर यानी झूम खेती किया करते थे। बिना ब्याज के कृषि ऋण, अनुदान पर कृषि यंत्रों सहित अन्य सुविधाएं मिलने की वजह से बैगा समुदाय के लोग अब बेवर खेती को छोड़ स्थायी खेती करने लगे है।

कबीरधाम जिले में शासन द्वारा बैगा समुदाय के लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं खेती-किसानी के लिए इस वर्ष 11.70 लाख रूपए का कृषि ऋण दिया जा चुका है। ग्राम दमगढ़ निवासी समेलाल बैगा के पास 5.5 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत उन्होंने एक लाख रूपए ऋण लेकर अपनी कृषि भूमि पर धान की खेती के लायक बना दिया है। समेलाल का कहना है कि धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी और राशि का तत्काल भुगतान होने से उन्हें कृषि से लाभ होने लगा है। ग्राम रोखनी के राजकुमार बैगा के पास 02 एकड़ कृषि भूमि है। प्रधानमंत्री जनमन योजना से ऋण लेकर उन्होंने खेत का सुधार कराया है और धान की खेती की है। फसल अच्छी होने की वजह से उन्हें, इससे लाभ होने की उम्मीद है। नवीन क्रेडिट कार्ड से ऋण मिलने से खेती की जरूरतें पूरी होने लगी है।

पीएम-जनमन योजना के चलते कबीरधाम जिले की 260 बैगा बसाहटों में सोलर पंप, पानी टंकी, पाईप लाईन के माध्यम से बैगा परिवारों के घरों में नल से जल की आपूर्ति का काम तेजी से कराया जा रहा है। वर्तमान में विकासखंड बोड़ला के 181 बसाहटों में से 62 बसाहटों में सोलर पंप, पानी टंकी, पाईप लाईन के माध्यम से जलापूर्ति शुरू कर दी गई है, शेष 119 बसाहटों में नल कनेक्शन दिए जाने का काम जारी है। पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत 78 बैगा बसाहटों में से 18 बसाहटों में नल से जल प्रदाय करने का काम पूरा हो चुका है, जबकि शेष बसाहटों में पानी टंकी निर्माण कार्य, पाईप लाईन बिछाने का काम जारी है। बैगा बसाहटों में पेयजल के लिए पहले से हैण्डपंप स्थापित है।

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत कबीरधाम जिले में 8 हजार 596 विशेष पिछड़ी जनजाति के तहत बैगा समुदाय के परिवारों का सर्वे में 8 हजार 440 परिवार बैगा परिवार आवास के लिए पात्र पाए गए है, जिनमें से 7853 का परिवारों का पंजीयन आवास पोर्टल में किया गया है एवं 7394 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परिवारों में से 6 हजार 678 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 3031 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त एवं 1081 हितग्राहियों को तृतीय किश्त की राशि ऑनलाईन डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। बैगा समुदाय के रहवासी इलाकों में 4 छात्रावास, 39 आंगनबाड़ी केन्द्र, 2 वनधन केन्द्र, 13 बहुद्देशीय केन्द्र सहित कुल 370 कार्यों की स्वीकृति दी गई हैं, जिन्हें तेजी से पूरा कराया जा रहा है।

# कितनी लड़ाई लड़ेंगे दक्षिणी राज्य

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आमंत्रण पर शनिवार, 22 मार्च को आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधि चेन्नई में जुटने वाले हैं। तमिलनाडु के अलावा केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होंगे। इनके अलावा दो पूर्वी राज्य, पश्चिम बंगाल और ओडिशा और एक उत्तरी राज्य पंजाब को भी न्योता दिया गया है। इन राज्यों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से लोकसभा सीटों के परिसीमन पर चर्चा करेंगे। परिसीमन के अलावा दक्षिणी राज्यों ने कई अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ी है। आंध्र प्रदेश को छोड़ कर तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और तेलंगाना में भाजपा विरोधी दलों की सरकार है। ये सभी सरकारें आशंकित हैं। उनकी आशंका कुछ तो जायज कारणों से है और कुछ राजनीतिक कारणों से भी है। कम से कम चार मसले ऐसे हैं, जिन पर इन राज्यों ने मोर्चा खोला है। एक मसला वित्त का है। दक्षिण भारतीय राज्यों का कहना है कि वे ज्यादा कर दे रहे हैं और जीडीपी में ज्यादा भागीदारी दे रहे हैं लेकिन उस अनुपात में उनको केंद्रीय बजट से कम पैसे मिलते हैं और करों में भी उनकी हिस्सेदारी कम होती जा रही है। दूसरा मुद्दा शिक्षा का है। नई शिक्षा नीति को लेकर ये राज्य केंद्र का विरोध कर रहे हैं। इससे पहले मेडिकल में दाखिले के लिए होने वाली नीट परीक्षा का भी तमिलनाडु ने विरोध किया था। नई शिक्षा नीति के मसले पर तो चार दक्षिणी राज्यों के साथ हिमाचल प्रदेश और झारखंड की दो सरकारें भी शामिल हैं। तीसरा मुद्दा भाषा का है, जिस पर लड़ाई की कमान तमिलनाडु ने संभाली है और चौथा मुद्दा परिसीमन का है, जिस पर सभी दक्षिणी राज्य लड़ने को तैयार हैं और दूसरी विपक्षी पार्टियों को भी इस लड़ाई में शामिल कर रही हैं। इन सभी मुद्दों की अपनी अपनी जगह पर अहमियत है लेकिन उससे बड़ा सवाल यह है कि क्या इतने मुद्दों पर केंद्र के साथ टकराव का एक खास राजनीतिक व सामाजिक नैरेटिव नहीं बन रहा है, जिससे देश के लोगों में विभाजन बढ़ सकता है और वास्तविक टकराव हो सकता है। क्या इससे तमिलनाडु और दूसरे दक्षिणी राज्यों में केंद्र सरकार के बहाने उत्तर भारत के राज्यों और लोगों के प्रति नाराजगी नहीं बन रही है। तभी जरूरी मुद्दों पर केंद्र के साथ टकराव के बीच भी दक्षिण भारत के राज्यों को सावधानी बरतनी होगी ताकि टकराव उत्तर और दक्षिण का न बने। संभवतः इसी सोच में तमिलनाडु ने पहल करके पूर्वी और उत्तरी राज्यों को अपने साथ जोड़ा है। नई शिक्षा नीति के मसले पर छह राज्यों के शिक्षा मंत्रियों की वार्ता हुई, जिसमें झारखंड और पंजाब को भी रखा गया तो परिसीमन के मसले पर 22 मार्च को बुलाई बैठक में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सात राज्यों के नेताओं को चिट्ठी लिखी है, जिसमें ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब को भी शामिल किया है। गौरतलब है कि ओडिशा में भाजपा की सरकार है। वहां के मुख्यमंत्री निश्चित रूप से स्टालिन के बुलावे पर चेन्नई नहीं जाएंगे लेकिन उनको चिट्ठी लिख कर स्टालिन ने यह संदेश दिया है कि वे जो मसले उठा रहे हैं वह सिर्फ दक्षिणी राज्यों तक या सिर्फ गैर भाजपा दलों तक सीमित नहीं है।

बहरहाल, दक्षिण के राज्य केंद्रीय करों के बंटवारे और केंद्र सरकार के अनुदान को लेकर काफी समय से अपना विरोध जताते रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने जनसंख्या के साथ साथ आर्थिकी का बेहतर प्रबंधन किया है। लेकिन इसका लाभ देने की बजाय केंद्र सरकार उनको इसकी सजा दे रही है। उनका यह भी कहना है कि वे ज्यादा राजस्व संग्रह कर रहे हैं लेकिन उसके अनुपात में उनको कम हिस्सा मिल रहा है, जबकि कम राजस्व संग्रह वाले बड़ी आबादी के राज्यों को ज्यादा हिस्सा मिल रहा है। इसका मतलब है कि जिस तरह आबादी ज्यादा होने की वजह से उत्तर भारत के राज्यों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व ज्यादा है उसी तरह आबादी और गरीबी की वजह से उनको वित्तीय मदद भी ज्यादा मिल रही है।

# 18 घंटे बाद लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट हुआ चालू बिजली कटौती के कारण कर दिया था बंद



**लंदन, 22 मार्च [एजेंसी]।**

बिजली सबस्टेशन में आग लगने के कारण लंदन के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर बिजली चली गई थी जिसके बाद विमानों की आवाजाही एक दम बंद हो गई थी। वही, कल देर रात लगभग 18 घंटे बाद हीथ्रो हवाई अड्डे पर पहला विमान उतरा। यह यूरोप का सबसे व्यस्त हवाई यात्रा केंद्र है। हीथ्रो द्वारा अपना बंद करने का आदेश वापस लेने के बाद ब्रिटिश एयरवेज का जेट सूर्यास्त से ठीक पहले उतरा, जिससे सैकड़ों हजारों यात्रियों की वैश्विक यात्रा बाधित हुई। फ्लाइट ट्रैकिंग सेवा फ्लाइटरडार 24 ने कहा कि हीथ्रो से आने-जाने वाली कम से कम 1,350 उड़ानें प्रभावित हुईं, और इसका असर कई दिनों तक रहने की संभावना है। यात्री अपनी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने का प्रयास कर रहे हैं और एयरलाइंस विमान और चालक दल को फिर से तैनात करने का काम कर रही हैं। आयोवा (अमेरिका) से आए 21 वर्षीय बीयू महर ने कहा, शुरू में सब कुछ रोमांचकारी लगा लेकिन कुछ ही घंटों में यह बेहद कष्टदायी हो गया। ऐसे ही अन्य देशों में ठहराए गए यात्रियों को अब उनके गंतव्य तक पहुंचाना और उनके लिए आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करना मुश्किल हो रहा है।हीथ्रो और आसपास के शहरों के होटलों का एक दिन का किराया पांच गुना तक बढ़ गया है। हीथ्रो प्रबंधन ने यात्रियों से कहा गया है कि वे हवाई अड्डे पर न आएं और यात्रा कार्यक्रम के बारे संबंधित एयरलाइन कंपनी के संपर्क में रहें। हवाई अड्डा मध्य रात्रि से पहले नहीं खुल सकेगा। हीथ्रो हवाई अड्डे से 1,351 उड़ानों को संचालित किया जाना था जिनमें 2,91,000 यात्रियों को सफर करना था। हीथ्रो के अचानक बंद होने से अन्य देशों से आने वाले तमाम विमानों को ब्रिटेन के अन्य शहरों में और पड़ोसी देशों के हवाई अड्डों पर उतारना पड़ा। जबकि लंबी दूरी वाली दर्जनों उड़ानों को बीच रास्ते से ही वापस उनके मूलस्थान पर भेज दिया गया। इस सारी कवायद में लाखों यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा और एयरलाइन कंपनियों को लाखों करोड़ का चूना लगा है। एयरलाइन एक्सपर्ट बताते हैं कि इससे पहले 2010 में आईसलैंड में एक के बाद एक, कई ज्वालामुखी फटने की घटना से आसमान में धुंध छा गई थी और करीब एक लाख उड़ानों को रद करना पड़ा था।हीथ्रो से आवागमन ठप हो जाने से हवाई यातायात कारोबार को करोड़ों पाउंड का नुकसान भुगतना पड़ सकता है।

## ट्यूशन टीचर की नियत में आया खोट, 11 साल की बच्ची के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**सरायकेला।** खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर थाना क्षेत्र में एक अधेड़ ट्यूशन मास्टर द्वारा 11 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपित ट्यूशन मास्टर सुरेश चंद्र मुर्मू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार राजनगर थाना क्षेत्र के राजाबासा निवासी सुरेश चंद्र मुर्मू गांव के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय राजाबासा सरकारी स्कूल के एक कमरे में छात्र छात्राओं को स्कूल छुट्टी होने के बाद शाम को ट्यूशन पढ़ाता था।घटना वाले दिन भी ट्यूशन मास्टर ने कुछ छात्रों को शाम को पहले ही छुट्टी देकर घर भेज दिया। जबकि पीड़ित छात्रा और उसकी छह वर्षीय छोटी बहन को अतिरिक्त क्लास लेने के नाम पर रोका। ज़ब सब बच्चे घर चले गए तो आरोपी मास्टर ने छात्रा को कमरे में पीछे बेंच की तरफ खींच कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान जब बच्ची आरोपी के चंगुल से छुड़ा कर भागने की कोशिश करती तो ट्यूशन मास्टर उसे पकड़कर फिर से खींच कर पीछे बेंच में ले जाता। इस दौरान पीड़िता की छोटी बहन को ब्लैक बोर्ड में लिखते रहने और पीछे मुड़कर न देखने की धमकी दी।

# लेह में खाई में गिरा सैन्य वाहन, सड़क हादसे में दो जवान बलिदान, सेना ने जताया गहरा दुख



**जम्मू, 22 मार्च [एजेंसी]।**

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में सड़क हादसे में सेना के दो जवान बलिदान हो गए। लद्दाख में देश सेवा करते हुए शनिवार को बलिदान हुए इन सैनिकों की पहचान हवलदार किशोर बारा व सिपाही सूरज कुमार के रूप में हुई है। इन बलिदानियों के पार्थिव देह सैन्य सम्मान पूर्वक लेह से उनके घरों को भेजे जा रहे हैं। लद्दाख की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने सैनिक के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है।कोर कमांडर ने एक्स पर सैनिकों के बलिदान व देश के प्रति उनके योगदान को सलाम किया है। उन्होंने कोर के अधिकारियों व जवानों की ओर से शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना भी दी है। वहीं, सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने भी बलिदान देने वाले जवानों की वीरता की सराहना की।लद्दाख के पीआरओ डिफेंस लेफ्टिनेंट कर्नल पीएस सिद्धु ने बताया कि सैन्य वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो सैन्य कर्मी बलिदान हुए थे। उन्होंने बताया कि सैन्यकर्मी कहां के रहने वाले हैं इसके बारे में अभी अधिकारिक रूप से जानकारी नही है।

वहीं, दूसरी तरफ सुरक्षाबलों ने ग्रीष्मकालीन राजधानी के साथ सटे डाचीगाम नेशनल पार्क में आतंकियों के एक बंकरनुमा ठिकाने को नष्ट कर दिया। इस ठिकाने का इस्तेमाल करने वाले आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान जारी रखा हुआ है। इस अभियान में खोजी कुत्तों और ड्रोन की भी मदद ली जा रही है।

यहां मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को अपने तंत्र से पता चला था कि डाचीगाम नेशनल पार्क के ऊपरी हिस्से में पहलीपोरा को पास जंगल में आतंकियों की गतिविधियां हैं।इसके आधार पर जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल एसओजी के जवानों ने सेना की 50 आरआर के जवानों के साथ मिलकर आतंकियों को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान जवानों ने जंगल में एक जगह आतंकियों द्वारा बनाए गए बंकरनुमा ठिकाने का पता लगाया।

# पानीपत में जजपा नेता की गोली मारकर हत्या दो दोस्तों की भी हालत गंभीर, इलाके में हड़कंप



**पानीपत, 22 मार्च [एजेंसी]।**

पानीपत के विकास नगर में जजपा युवा नेता की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। उसके दो दोस्तों को भी गोली मारी गई है। उनकी हालत गंभीर है। उनका इलाज चल रहा है। आरोपी ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से इस वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी यहां से अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही एसपी लोकेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया। एसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीआईए की टीमों का गठन किया है। जजपा नेता के शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है। शनिवार को पोस्टमार्टम होगा। सेक्टर 29 थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूल रूप से जागसी गांव का रहने वाला रविंद्र उर्फ मिन्ना पूर्व में जजपा का प्रदेश सहसचिव था। वह कई साल से परिवार के साथ विकास नगर में रहता था। रविंद्र की साली की शादी गांव के ही रणबीर के साले के साथ हुई थी। रविंद्र व रणबीर में काफी दिन से कहासुनी चल रही थी। पानीपत के विकास नगर में रविंद्र के दोस्त राजू के घर पर पंचायत चल रही थी। यहां रणबीर भी आया था। जैसे ही पंचायत में जागसी गांव का विनय आया तो उसे देखते ही रणबीर आग बबूला हो गया। उसने विनय पर गोली चला दी और भागने का प्रयास करने लगा। इसी वक्त यहां पर रविंद्र उर्फ मिन्ना अपने दोस्त विकास नगर निवासी विनीत के साथ आ गया।

रणबीर ने भागते हुए रविंद्र व विनीत पर भी गोली चला दी। रविंद्र के माथे व छाती में गोली लगी।विनीत के पेट में गोली मारी। रविंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। विनीत व विनय गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में लाया गया है। यहां इनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद पूरे शहर में हड़कंप मच गया है। रविंद्र मिन्ना पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता था। पानीपत में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। रविंद्र की हत्या के आरोपी को जल्द पकड़ा जाना चाहिए।- सुरेंद्र काला, राष्ट्रीय सचिव, जजपा, पानीपतपूरे मामले की जांच चल रही है। सीआईए की टीमें आरोपी की धरपकड़ में जुटी हैं। जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## मिनीबस में आग लगाने वाला ड्राइवर अभी तक गिरफ्तार नहीं, पुलिस ने एफआइआर दर्ज की

**पुणे।** पिंपरी चिंचवाड़ पुलिस ने मिनीबस चालक जनार्दन हंबरडेकर (56) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 और 105 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि, उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।पुलिस के अनुसार, बुधवार को पिंपरी चिंचवाड़ के हिंजेवाड़ी में व्योमा ग्राफिक्स कंपनी जाते समय सुबह बस में आग लग गई। बस में 14 कर्मचारी थे और चार की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित पर बस में आग लगाकर लोगों की जान लेने और अन्य बचे लोगों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है।इस घटना में उसके साथ कौन शामिल था, इसकी जांच की जा रही है। बस चालक जनार्दन के बयानों में अंतर होने के कारण पुलिस को संदेह पैदा हुआ, जिसके बाद उससे लंबी पूछताछ की गई।

## दिल्ली में 1 अप्रैल से ओवरएज वाहनों के ईंधन भरवाने पर लगेगी रोक, 80 प्रतिशत पेट्रोल पंप पर लगेंगे स्पेशल डिवाइस

**नईदिल्ली, 22 मार्च [एजेंसी]।**

दिल्ली सरकार 1 अप्रैल से ओवरएज पेट्रोल और डीजल वाहनों को ईंधन भरवाने पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। शहर के 80 प्रतिशत से अधिक पेट्रोल पंपों पर ऐसे डिवाइस लगाए गए हैं, जो डीरजिस्टर्ड वाहनों की पहचान करेंगे। पेट्रोल पंपों पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे लगाए गए हैं, जो ओवरएज और वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के बिना चल रहे वाहनों की पहचान करेंगे।अगर कोई नियम विरुद्ध वाहन ईंधन भरवाने आता है, तो सिस्टम उसे फ्लैग कर देगा और पंप कर्मी उसे ईंधन देने से मना कर देंगे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि पंपों पर प्रदूषण निगरानी उपकरण भी लगाए जा रहे हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के अनुसार, पंजीकरण के बाद 10 साल से सड़क पर चल रहे डीजल वाहन और 15 साल से सड़क पर चल रहे पेट्रोल वाहन परिवहन विभाग के डेटाबेस से अपने आप ही डीरजिस्टर्ड हो जाते हैं। अगर पुराने वाहन सार्वजनिक स्थानों या सड़क पर खड़े पाए जाते हैं, तो परिवहन विभाग उन्हें जब्त कर लेता है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों को कबाड़ में बदलने के लिए उनके मालिकों को प्रोत्साहन देने वाली नीति भी शुरू की है।सरकार ने ओवरएज वाहनों को स्क्रैप करने पर प्रोत्साहन नीति भी लागू की है। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, जब्त वाहन तभी छोड़े जाएंगे जब मालिक उन्हें किसी निजी परिसर में पार्क करने या अन्य राज्य में पंजीकृत कराने के लिए सहमत होंगे।

# राजस्थान के पाक विस्थापित परिवारों को मिला अपना राजस्व गांव छाछरो, दशकों बाद मिली खोई पहचान



**जोधपुर।** राजस्थान सरकार ने महीने महीने पहले पंचायती राज के पुनर्गठन के साथ - साथ नए राजस्व गांव बनाने की मुहिम के तहत सरहद के समीप बाड़मेर के बावड़ी कला के राजस्व गांव में छाछरों राजस्व गांव बनाने के आदेश ने यहां निवास कर रहे पाक विस्थापित परिवारों की खुशी का ठिकाना नहीं है। पाक हिंदू परिवार बंटवारे के समय अपने मूल गांव छाछरो (वर्तमान में पाकिस्तान में स्थित) जो की सरहद से महज 40 किलोमीटर दूर है, को छोड़कर यहा भारत आकर बस गए थे।अब उनके पुरखो के गांव के नाम की पहचान यहां भारत में मिलने से 1965 तथा 1971 में आए पाक विस्थापित परिवारों और गांव वासियों में खुशी का माहौल है। दरसअल, राजस्थान और विशेष कर पश्चिमी राजस्थान में व्यक्ति की पहचान उसके गांव के नाम के साथ की जाती रही है।आज भी पाक विस्थापित हिन्दू अपना परिचय करवाते हैं तो भी वे अपने मूल गांव से अपनी पहचान दिलवाते हैं। पाकिस्तान से विस्थापित अधिकतर लोग छाछरो , खीसर , अरबडियार , गहरा , डाहली , मिठी से आए थे , ये सभी गाँव अब पाकिस्तान की सरहद में है। इन गांवों में हिंदू परिवार अधिक रहते थे। इनमें राजपूत , मेघवाल , माहेश्वरी , सुथार , नाई , कुंभार , लोहार जाति बहुतायत में रहती थी।

ये पाक विस्थापित परिवार के लोग जब पाकिस्तान छोड़कर भारत आए थे तब उनके घर तथा धन दौलत उन पुराने गांव में बॉर्डर के उस पार ही रह गए थे। अब जब सरकार ने बाड़मेर में नए राजस्व गांव के रूप में छाछरो को स्वीकार किया है, तब से उन लोगो की खुशी परवान पर है।1971 के युद्ध में जब भारतीय सेना पाकिस्तान के छाछरो गांव में पहुंची थी तब वहां की तत्कालीन कैबिनेट सरकार में रेल मंत्री लक्ष्मण सिंह सोढ़ा तथा उनके भाई पदम सिंह ने भारतीय सेना का सहयोग दिया तथा भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित छाछरो स्थित अपनी हवेली पर भारतीय तिरंगा फहराया था।1975 युद्ध के पश्चात यह सारे परिवार अपना मूल गांव छाछरो को छोड़कर 40किमी दूर स्थित सीमा के इस पर बावड़ी कला में अपना आशियाना जमा लिया। लगातार जन सरोकार और राजनीति से जुड़े परिवारों ने आखिरकार अपने मूल गांव के नाम को लेकर प्रयास जारी रखें इसके बाद अब उन्हें भारत में भी छाछरो गांव मिला है।

## कुत्ते को विमान में चढ़ने से रोका, गुस्साई मालकिन ने एयरपोर्ट के बाथरूम में डुबो के मार दिया बेज़ुबान

**आरलैंडो।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एयरपोर्ट के बाथरूम में एक महिला ने अपने कुत्ते को डुबोकर मार डाला। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उसे बताया गया कि वह आवश्यक दस्तावेज नहीं होने की वजह से कुत्ते के साथ विमान में नहीं चढ़ सकती। अधिकारियों ने कहा कि महिला को पशु उत्पीड़न के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया था, हालांकि उसे पांच हजार अमेरिकी डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार यह घटना पिछले साल दिसंबर में हुई थी। टायविन नामक श्नाउजर नस्ल के नौ वर्षीय कुत्ते की मौत की जांच दिसंबर में तब शुरू हुई जब एक केयरटेकर को आरलैंडो अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के एक बाथरूम में कूड़े के थैले में कुत्ता मिला। कुत्ते की पहचान उसके प्रत्यारोपित माइक्रोचिप से की गई। शव परीक्षण से पता चला कि टायविन की मौत डूबकर हुई थी।

# जिसकी कर दी गई थी हत्या वह डेढ़ साल बाद लौटी घर, आरोपित जेल में बंद, सुनाई ये कहानी

**इंदौर, 22 मार्च [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में मंदसौर जिले के नावली गांव की ललिता बाई डेढ़ साल बाद घर लौट आई तो सभी अचंभित हुए। अचंभा इसलिए कि यह मान लिया गया था कि ललिता की हत्या हो गई है। उनके कथित शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया था। ललिता की हत्या के आरोप में चार युवक झाबुआ की जेल में बंद हैं। कोर्ट में यह मामला विचाराधीन है। ललिता ने गांधीसागर थाने की पुलिस को उसके अपहरण, बेचे जाने और बंधक रहने की कहानी भी बता दी है। ललिता ने आधार, वोटर आइडी कार्ड आदि दस्तावेज पुलिस को दिखा दिए हैं। इस बीच, ललिता के घर लौटने से उसके दो बच्चे बहुत खुश हैं।ललिता के पिता रमेश ने बताया कि अगस्त, 2023 में बेटी बिना बताए कहीं चली गई थी। उसकी गुमशुदगी गांधीसागर थाने में दर्ज कराई गई थी। नौ सितंबर, 2023 को झाबुआ जिले के थांदला थाना क्षेत्र में एक वीडियो में महिला को ट्रक से कुचलते हुए देखा गया। यह वीडियो बहुप्रसारित होने के बाद थांदला थाने पर संपर्क किया गया। वहां क्षत-विक्षत शव की



पहचान ललिता के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या के आरोप में भानपुरा निवासी इमरान, शाहरुख, सोनू और एजाज को गिरफ्तार कर लिया था। अभी मामला विचाराधीन हैं और चारों न्यायिक हिरासत में झाबुआ जेल में हैं।

शाहरुख ने पांच लाख रुपये में बेच दिया था ललिता ने पुलिस को बताया कि घर से जाने के बाद वह दो दिन तो भानपुरा निवासी शाहरुख के साथ रही। उसने उसे कोटा में रहने वाले किसी दूसरे शाह रुख को पांच लाख रुपये में बेच दिया। इसके बाद से वह कोटा में ही बंधक रही। मौका मिला तो वहां से भाग निकली और घर लौट आई।ललिता के लौट आने से झाबुआ पुलिस प्रशासन भी हैरत में पड़ गई। पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस ने ललिता की हत्या के आरोप में भानपुरा के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि विवेचना किस ढंग से हुई। दूसरा सवाल यह है कि वास्तव में जिसका शव मिला था, वह महिला कौन थी। अब नए सिरे से उक्त महिला की पहचान करनी होगी। साथ ही यह सवाल भी है कि पुलिस की जांच इतनी सतही कैसे रही।

ट्रक जब्ती व हत्या की कहानी किस आधार पर गढ़ ली गई?ललिता ने थाने में आकर अपने जीवित होने की सूचना दी है। हमने गांव जाकर आसपास रहने वाले लोगों और परिवार वालों से जानकारी लेते हुए उसकी पहचान करवाई। सभी उसे ललिता ही मान रहे हैं। थानाप्रभारी, गांधीसागरशव देखकर पिता रमेश ने ही बेटी ललिता के रूप में उसकी पहचान की थी। इसी आधार पर उसे शव सौंपा गया। अब जब ललिता के जिंदा लौटने की सूचना मिल रही है तो पूरे मामले की जांच नए सिरे से करवा रहे हैं।

# पंजाब में बिहार के छात्रों पर हमला, CS ने लिया संज्ञान BJP अध्यक्ष बोले- हमारे लोगों को बनाया जा रहा निशाना



**पटना, 22 मार्च [एजेंसी]।**

बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने शुक्रवार को भटिंडा के एक विश्वविद्यालय में पूर्वी राज्य के छात्रों पर कथित हमले की खबरें सामने आने के बाद पंजाब सरकार से बात की और उनसे बिहार के छात्रों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा से बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और संबंधित अधिकारी घटनाक्रम पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।बता दें, कॉलेज में 17, 18 और 19 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। छात्रों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए धन एकत्र किया था। बिहार के छात्रों ने भी अपने सांस्कृतिक प्रदर्शन दिखाने के लिए योगदान दिया था। एकत्र किए गए धन को लेकर दो समूहों के बीच विवाद हुआ, जिसके कारण कथित तौर पर हाथापाई हुई। इस मामले में कई छात्र घायल हुए हैं, जिन्होंने बिहार सरकार से मदद मांगी थी।

जिसके बाद मुख्य सचिव ने पंजाब के मुख्य सचिव से बात की है।वहीं, दूसरी ओर बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पंजाब के बठिंडा में गुरु काशी यूनिवर्सिटी के कैंपस में बिहार के छात्रों पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है।उन्होंने पंजाब सरकार को चेतावनी भी दी है कि शिक्षा के मंदिर में छात्रों के खून बहने को भाजपा कभी स्वीकार नहीं करेगी, चाहे वह छात्र बिहार के हों या किसी अन्य प्रदेश के हों। जायसवाल ने कहा कि जिस तरह की सूचना आ रही है, उसके मुताबिक बिहारी छात्रों को निशाना बनाकर तलवारों से हमला किया गया। उन्होंने इस घटना की भर्त्सना करते हुए कहा कि बिहार के विभिन्न जिलों के छात्र वहां पढ़ने गए हैं, लेकिन वहां इन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसे कहीं से भी सही नहीं ठहराया जा सकता है।

आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार शिक्षा के मंदिर को राजनीतिक अखाड़ा बनाना बंद करे। पुलिस बिहारी छात्रों पर हमला करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करे और उन्हें कानून के मुताबिक सजा दिलाने का काम करे। उन्होंने कहा कि बिहार के हजारों छात्र पंजाब में शिक्षा ग्रहण करते हैं। पंजाब सरकार की यह जिम्मेदारी है कि बिहार के छात्रों को उचित सुरक्षा भी मुहैया कराए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो।

## सौरभ की हत्या कर मुस्कान व साहिल ने मनाली में मनाई थी होली, रेव पार्टी में किया डांस

**मेरठ 22 मार्च।** सौरभ की निर्मम हत्या के बाद हत्यारोपी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल ने 13 दिनों में जमकर जश्न मनाया। तीन मार्च की रात हत्या कर सौरभ के चार टुकड़े कर ड्रम में सीमेंट से सील करने के बाद मुस्कान और साहिल शुक्ला चार मार्च को हिमाचल प्रदेश के शिमला, मनाली और कसोल पहुंचे। 54 हजार में 13 दिन के लिए कैब बुक की गई थी। पुलिस को दोनों के 13 दिन की टूर की कुछ वीडियो मिली हैं। वहीं, साहिल का घर अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र क्रिया करने की ओर इशारा कर रहा है। मामले की विवेचना दारोगा से हटाकर इंस्पेक्टर को सौंपी गई है। एएसपी इसकी मानीटरिंग करेंगे। चाकू, ड्रम और सीमेंट बेचने वालों के भी पुलिस ने बयान दर्ज किए हैं। मौज-मस्ती के तमाम वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कसोल में सूखा नशा कर दोनों रेव पार्टी में शामिल हुए और जमकर डांस किया। मनाली में दोनों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली खेली और म्यूजिक सिस्टम पर डांस किया। इस दौरान उनके चेहरे पर हत्याकांड की जरा भी शिकन नहीं थी। मुस्कान ने कैब चालक से साहिल के लिए केक मंगाया। केक काटकर भी डांस किया। पूरे घटनाक्रम को जानने के लिए मुस्कान, साहिल और सौरभ के अतीत को पुलिस ढूंढ रही है। साथ ही सौरभ की हत्या करने के बाद शिमला, मनाली और कसोल के टूर की भी गतिविधियों को देखा जा रहा है। तीनों के फेसबुक, इंस्टाग्राम एकाउंट पर साइबर की टीम काम कर रही है। सौरभ हत्याकांड की सुई तंत्र-मंत्र क्रिया की ओर भी इशारा कर रहा है।

## मलिहाबाद हत्याकांड का मुख्य आरोपी एनकाउंटर में ढेर, पुलिस की गोली लगने से हुआ था घायल

**लखनऊ।** आलमबाग बस अड्डे से ऑटो में बिठाकर जबरन मलिहाबाद ले जाई गई अयोध्या निवासी महिला का हत्यारोपी शुक्रवार रात मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस ने हत्यारोपी अजय के सगे भाई दिनेश को दिन में गिरफ्तार ही कर लिया था, लेकिन अजय भाग निकला था। उस पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। रात पौने दस बजे उसके महमूदनगर में होने की सूचना मिली। पुलिस जैसे ही वहां पहुंची तो देवम लान के सामने स्थित विकास पाठक के बाग के पास उसने बाइक छोड़कर पुलिस पर एक के बाद एक पांच फायर किए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में वह मारा गया। अजय को दो गोली लगी है। पुलिस ने मौके से पिस्टल, दो मोबाइल और बिना नंबर की बाइक बरामद की। इससे पहले शाम को पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर घटना का रहस्योद्घाटन किया था। पुलिस ने दुबग्गा की बसंत योजना कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस को पूछताछ में दिनेश ने बताया कि दुष्कर्म का प्रयास विफल होने पर उन लोगों ने महिला की हत्या कर दी थी। दिनेश के पास मृतका के मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र भी बरामद हुए हैं। बनारस में नौकरी का साक्षात्कार देने के बाद मंगलवार रात आलमबाग बस अड्डे आई महिला को भाई के पास चिनहट जाना था। इसके लिए वह ई-आटो पर सवार हुई थी, लेकिन चालक उसे मलिहाबाद की तरफ ले गया था। भाई का फोन आने पर महिला ने अपनी लाइव लोकेशन भेजी तो उसे मलिहाबाद मार्ग पर जाते हुए पाया लेकिन इस दौरान एक चीख के साथ ही महिला का फोन बंद हो गया था। लाइव लोकेशन के आधार पर भाई ने पुलिस की सूचना दी थी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस तो महिला को बाग में अचेत पाया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत पाया। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले ई आटो चालक मुख्य आरोपी अजय कुमार पर एक लाख का इनाम घोषित किया गया था। छह टीमें अलग-अलग इलाके में कांबिंग कर रही थी।




# स्वच्छ जल जीवन है, पर बिगड़े तो हाहाकार है



(विश्व जल दिवस)

**जल प्रकृति की सबसे बड़ी देन है क्योंकि संपूर्ण जीव सृष्टि का आधार पानी है, इसके बिना जीवन की कल्पना बेमानी हैं। जल समृद्धता से जंगल, पेड़-पौधे, वन्यजीव समृद्धता बढ़ती है, सबको शुद्ध जल और शुद्ध प्राणवायु मिलती है, ऋतु चक्र, मौसम और प्रकृति में संतुलन बना रहता है, खाद्यान की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ता है, प्रकृति के प्रत्येक घटक पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। जल शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में सबको मिले तो समृद्धि निश्चित है, परंतु यह जल अपर्याप्त और प्रदूषित है, तो फिर यह जल विनाश का कारण है। विश्व का लगभग 97 प्रतिशत जल खारा है या पीने योग्य नहीं है। भारत देश में विश्व की सबसे ज्यादा 18 प्रतिशत जनसंख्या है, परंतु इसके मुकाबले दुनिया के जल संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत भारत में है, जो इसे पानी की कमी वाले देशों में से एक बनाता है, इसका खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ता है क्योंकि हर साल लाखों भारतीय दूषित पानी से बीमार होकर मरते हैं। द लैंसेट के एक अध्ययन के अनुसार, 2019 में जल प्रदूषण के कारण भारत में 500,000 से अधिक लोगों की मौत हुई।**

हर साल 22 मार्च को दुनियाभर में विश्व जल दिवस पानी के महत्व और वास्तविक स्थिति पर जागरूकता हेतु मनाया जाता हैं। इस साल 2025 की थीम ग्लेशियर संरक्षण है, जो भविष्य के लिए जमे हुए इन ग्लेशियर के जल संसाधनों का संरक्षण करने पर केंद्रित हैं। ग्लेशियर यह पानी का विशाल भंडार है, जो उसका पिघला हुआ पानी पेयजल, कृषि, उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक है, परंतु ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है और इस कारण बड़े-बड़े ग्लेशियर पिघल रहे है एवं वह पिघला हुआ शुद्ध जल समुद्र का स्तर बढ़ा रहे हैं। तेजी से पिघलते ग्लेशियर जल प्रवाह में अनिश्चितता पैदा कर रहे हैं, जिसका लोगों और ग्रह पर गहरा प्रभाव पड़ रहा हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कमी और ग्लेशियरों के सिकुड़ने के अनुरूप स्थानीय नीतियों की आवश्यकता हैं।

विश्व आर्थिक मंच ने 15 जनवरी, 2025 को जारी वार्षिक वैश्विक जोखिम रिपोर्ट के 20वें संस्करण में चेतावनी दी है कि भारत देश के सामने एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि अगले दो वर्षों (2025-2027) में पानी की कमी देश के सामने सबसे गंभीर खतरा बनकर उभरेगी। शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसके अनुसार, सबसे बड़े वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, प्रदूषित वायु औसत जीवन प्रत्याशा को 3.6 वर्ष तक कम कर रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल 3,575,000 लोग जल-संबंधी बीमारियों से मरते हैं। यह हर 10 सेकंड में एक मौत के बराबर हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने सरकार को 2024 के एक अध्ययन की जानकारी दी है, जिसमें पाया गया है कि पंजाब में प्रदूषित नदी-नालों के पास रहने वाले लोगों में कैंसर होने की संभावना अधिक होती हैं। जल प्रदूषण में औद्योगिक कूड़ा, मल, माइक्रोबियल प्रदूषण, निलंबित पदार्थ, रासायनिक प्रदूषण, घुलनशील प्रदूषक, रेडियोधर्मी कचरे, थर्मल प्रदूषण, मानव अपशिष्ट, औद्योगिक उद्यम, ऑयल पॉल्यूशन, कृषि प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, खनन, रेडियोधर्मी प्रदूषण, ठोस अपशिष्ट, अम्ल वर्षा जैसे कारण विशेष है, पानी के संपर्क में आते ही यह विशेष कारण जल को विषैला बना देते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2021 में 2 बिलियन से ज्यादा लोग पानी की कमी वाले देशों में रहते थे। 2022 में, वैश्विक स्तर पर कम से कम 1.7 बिलियन लोग मल से दूषित पेयजल स्रोतों का उपयोग करते थे। मल संदूषण के कारण पेयजल में सूक्ष्मजीवों का संदूषण, पेयजल सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। 2021 में, 251.4 मिलियन से अधिक लोगों को सिस्टोसोमियासिस के लिए निवारक उपचार की आवश्यकता थी। सूक्ष्मजीवीय रूप से दूषित पेयजल से डायरिया, हैजा, पेचिश, टाइफाइड और पोलियो जैसी बीमारियां फैल सकती है, तथा अनुमान है कि इससे हर साल डायरिया से संबंधित लगभग 505,000 मौतें होती हैं। 296 मिलियन लोग असुरक्षित कुओं और झरनों से पानी भरते है और 115 मिलियन लोग झीलों, तालाबों, नदियों और झरनों से अनुपचारित सतही जल एकत्र करते हैं। तीव्र शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण जल संसाधनों का प्रदूषण बढ़ गया है, जिससे वे उपयोग के लिए अनुपयुक्त हो गए हैं। अकुशल कृषि पद्धतियां, रसायनों का अत्यधिक उपयोग, भूजल का अत्यधिक दोहन, जलवायु परिवर्तन, खराब जल प्रबंधन और उचित बुनियादी ढांचे की कमी जैसे कई कारक जल की कमी के संकट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व बैंक के कुछ आंकड़े अनुसार, भारत देश में 163 मिलियन भारतीयों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है, 210 मिलियन भारतीयों को बेहतर स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच नहीं हैं। 21 प्रतिशत संक्रामक रोग असुरक्षित जल से संबंधित है, भारत में प्रतिदिन पांच वर्ष से कम आयु के 500 बच्चे दस्त से मरते हैं। भारत की आधी से अधिक नदियाँ अत्यधिक प्रदूषित हैं, तथा कई अन्य नदियाँ आधुनिक मानकों के अनुसार असुरक्षित स्तर पर हैं। शहरों से बहनेवाली नदियाँ नालों का स्वरूप धर चुकी हैं। नीति आयोग की 2018 समग्र जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षित जल की अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोग मर जाते हैं। 2030 तक लगभग 600 मिलियन लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है, जो भारत देश की अनुमानित जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत होगा।



वॉटर गैर-लाभकारी संगठन बताती है कि, भारत देश में 1.4 बिलियन की आबादी में से आज भी 35 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित जल तथा 678 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित स्वच्छता तक पहुंच नहीं है, सुरक्षित जल और स्वच्छता की कमी के कारण हर वर्ष दस लाख से अधिक लोग मरते हैं, तथा हर दो मिनट में एक बच्चा जल या स्वच्छता से संबंधित बीमारियों के कारण जान गंवाता है। विश्व के 29 प्रतिशत स्कूलों में स्वच्छ जल और शौचालय जैसी बुनियादी आवश्यकताओं का अभाव है। बुनियादी जल और स्वच्छता की कमी के कारण हर वर्ष विश्वभर में 260 बिलियन डॉलर बर्बाद हो जाते हैं। विश्व की कम से कम 50 प्रतिशत जनसंख्या वर्ष में कम से कम एक माह तक अत्यधिक जल संकट में रहते हैं। दुनियाभर में महिलाएं और लड़कियां प्रतिदिन कई किलोमीटर तक पानी के लिए भटकती है और पानी इकट्ठा करने में 200 मिलियन घंटे तक बिताती हैं। घर पर सुरक्षित जल और स्वच्छता की उपलब्धता, व्यतीत किए गए समय को बचाती है, जिससे परिवारों को शिक्षा और कार्य के अवसरों को प्राप्त करने के लिए अधिक समय मिलता है, जिससे उन्हें गरीबी के चक्र को तोड़ने में मदद मिलेगी।



जब तक किसी चीज की कमी न हो, तब तक मनुष्य को उस चीज की कीमत नहीं समझतीं, जल से जीवन है, अधिकतर लोगों को पानी प्राप्त करने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती, उनके हिसाब से दुनिया में पानी सहज उपलब्ध है, शायद इसलिए पानी का मोल लोग नहीं समझते हैं। किसी कठिन परिस्थिति में अगर पानी न मिलें तो तन-मन व्याकुल हो उठता हैं, ग्रीष्म ऋतु के मौसम में शहरों में किसी कारणवश एक दिन भी जनता को पानी न मिलें तो हाहाकार मच जाता है, तब दुनिया की सबसे कीमती चीज पानी लगती हैं। आज जो पानी हमें सहज उपलब्ध हो रहा है, करोड़ों लोग उस पानी के लिए रोज दर-दर भटकते है, अपना कीमती समय पानी इकट्ठा करने में गवाते है, फिर भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में शुद्ध जल नसीब नहीं होता, मज़बूरी में अशुद्ध जल के उपभोग के कारण घातक बीमारियों का शिकार होकर असमय मौत के आगोश में चले जाते हैं। पानी की कमी के कारण पशु-पक्षियों, वन्यजीवों का तो अधिक बुरा हाल होता है। पानी का अपव्यय और योग्य प्रबंधन द्वारा संग्रहण, इसके तरीके हम सभी जानते है, लेकिन गंभीरता नहीं समझतें। अनमोल पानी का महत्व समझें, शुद्ध जल पर प्रत्येक व्यक्ति और जीवों का बराबरी का अधिकार है, सबको शुद्ध जल मिलें यह हम सबकी जिम्मेदारी हैं। जल बचाएं, अनमोल जीवन बचाएं।

***डॉ. प्रितम भि. गेडाम***

## शब्द सामर्थ्य -360

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 359 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

## बार-बार छींक आने पर करें ये घरेलू उपाय, मिनटों में मिलेगी राहत

बदलते मौसम में या फिर बरसात के मौसम में सर्दी- जुकाम होना एक आम समस्या है. कई बार धूल-मिट्टी से एलर्जी,कमजोर इम्यूनिटी इसका कारण हो सकता है. लेकिन कई बार कुछ लोगों को सर्दी-जुकाम होने पर बार-बार छींके आने लगती है. जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कत होती है. ऐसे में होता है कि काश कोई ऐसा तरीका होता, जिससे मिनटों में इस जुकाम से राहत मिल जाए. आज हम आपको इस आर्टिकल में ऐसी ही कुछ घरेलु नुस्खों के बारे में बताएंगे, जो आपको तुरंत राहत दिला सकते हैं.

**स्टीम लेने से मिलती है राहत**- सर्दी-जुकाम होने पर अगर बार-बार छींक आने लगे, तो इससे राहत पाने के लिए रात को सोने से पहले स्टीम जरूर लें. बता दें कि सर्दी के कारण कई बार नाकों में सूजन आ जाती है ऐसे में गर्म पानी का स्टीम लेने पर जुकाम से राहत मिलता है. अगर साइनस में कफ इकट्ठा हो गया है तो इसमें भी काफी आराम मिलता है. स्टीम लेने से पहले गर्म पानी में लौंग, लहसुन की कलियां, नमक डालें. इनमें एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो आपको सर्दी-जुकाम से राहत दिलाते है. गर्म पानी का भाप लेने से नाक में जमी हुई बलगम बाहर निकल जाती है और आपको काफी आराम मिलता है.



**नमक के पानी से गरारा करें**-जुकाम होने पर अगर बार-बार छींके आ रही है, तो नमक के पानी से गरारा करें. इससे आपके गले की सूजन में आराम मिलता है. छींक से राहत पाने के लिए एक कप गर्म पानी में एक चम्मच नमक मिलाकर दिन में दो-तीन बार नमक के पानी का गरारा जरूर करें. इससे आपको जुकाम में काफी आराम मिलेगा.

**शहद और अदरक**-जुकाम से छुटकारा पाने के लिए एक अदरक के छोटे से टुकड़े पर शहद मिलाकर चाटने से भी राहत मिलता है. अगर आपको लगातार छींक आ रही हो तो हल्दी वाला दूध पीना चाहिए. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट सर्दी-जुकाम से राहत दिलाते हैं. साथ ही इससे आपकी इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है, जिससे वायरल बीमारियों की चपेट में आने से बचाव हो सकता है.

# भक्ति और प्रेम के रंगों के संग ब्राह्मण समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

**चिरमिरी।** ब्राह्मण समाज चिरमिरी द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का प्रारंभ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर भक्तिमयमय भजन कर फूलों एवं गुलाल की होली खेली गई।

सभी आगंतुको ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और युवा वर्ग ने गुलाल का तिलक लगाकर अग्रजो का आशीर्वाद लिया। ब्राह्मण समाज चिरमिरी के अध्यक्ष हरिकांत अग्निहोत्री ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी प्रेम व सौहार्द का त्योहार है। यह गिले-शिकवे भुलाकर एकता और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। संरक्षक डी. के. उपाध्याय ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रचनात्मक रहते हुए अपने समाज के जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह होली के रंग सभी भेदभाव मिटाकर एक समान घुल जाते हैं, उसी तरह हमें भी समाज में एकता और समरसता बनाए रखनी चाहिए। समारोह में समाज के महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष वाचस्पति दुबे,गोदरीपारा अध्यक्ष आर पी शुक्ला, डा प्रमोद त्रिपाठी, सूर्यभान पाण्डेय, रमेश शुक्ला, श्रीकांत शुक्ला, पवन तिवारी, वीरेन्द्र तिवारी,हरिकृष्ण चतुर्वेदी,



विपिन कुमार पाण्डेय, रमेश मिश्रा, राजेन्द्र तिवारी, चंद्रिका तिवारी द्वारिका मिश्रा, राजकुमार शुक्ला, कुलदीप स्थापक, हमाम मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय,जितेन्द्र मिश्रा, रवी द्विवेदी, आशुतोष अग्निहोत्री, विश्वदीप तिवारी, अभिषेक पाराशर, ध्रुव दुबे, आशुतोष मिश्रा, नारायणी अध्यक्ष मिथिलेश पाराशर, कमला शुक्ला, रेशम त्रिपाठी,अदिति पाराशर, इंदिरा शुक्ला, संगीता अग्निहोत्री, उमा तिवारी, अनीता शुक्ला, कांती मिश्रा, पूर्वा स्थापक, हर्षिता अग्निहोत्री सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कैदियों को पहुंचाया गांजा,जेल के चार प्रहरी निलंबित

**अंबिकापुर।** सेंट्रल जेल अंबिकापुर में बंद कुख्यात आरोपी को गांजा उपलब्ध कराने के मामले में जेल के चार प्रहरियों को निलंबित किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अंबिकापुर सेंट्र्ल जेल में बंद कुख्यात कैदी कुलदीप साहू और दुर्ग निवासी महादेव सट्टा ऐप का आरोपी दीपक नेपाली के वार्ड में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। 17 मार्च को बैरक की जांच कराई गई तो मोबाइल और गांजा मिला था। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो अंबिकापुर कलेक्टर विलास भोस्कर और एसपी योगेश पटेल सेंट्र्ल जेल पहुंचे और बैरक की जांच की। उच्च सुरक्षा बैरक में कड़ी निगरानी होने के बाद भी इन दो कुख्यात कैदियों तक गांजा और मोबाइल कैसे पहुंचा इसकी जाँच की जा रही है। साथ ही मामले में चार प्रहरियों को भी निलंबित कर दिया गया है। आरोपी कुलदीप साहू सूरजपुर जिले के हेड कॉस्टेबल की पत्नी-बेटी की हत्या में मामले में तथा दीपक नेपाली के महादेव सट्टा ऐप के मामले में अंबिकापुर जेल के हाई सिक्योरिटी वाले बैरक में बंद है।

## राज्यपाल रमेन डेका का 26 को कोरिया प्रवास

### कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए तैयारी के निर्देश



**कोरिया/बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 26 एवं 27 मार्च 2025 को जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान 27 मार्च को अपराह्न 3 बजे जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों और जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

राजभवन से जारी निर्देशानुसार, इस बैठक में जल-संचयन, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि को बढ़ावा, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं का विकास जैसे 20 प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त, वृद्धजनों एवं असहाय भिक्षुकों के पुनर्वास, ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। राज्यपाल प्रशासनिक तैयारियों का अवलोकन करेंगे और जिले के विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव देंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।प्रशासनिक स्तर पर इस बैठक को जिले के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## हसदेव एक्सप्रेस में अब एलएचबी कोच की सुविध

**रायपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है । इस तारतम्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18251/18252 रायपुर-कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में योजनाबद्ध तरीके से पुराने पारंपरिक आईसीएफ कोचों के बदले सुविधाजनक, आरामदायक और ज्यादा सुरक्षित नई तकनीक वाले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



# चोरी का कोयला सहित 3लोगों को गिरफ्तार किया झिलमिली पुलिस ने

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए है जिसके बाद से ही लगातार पुलिस कड़ी कार्यवाही में लगी हुई है। इसी क्रम में दिनांक 20/03/2025 को थाना झिलमिली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम दलौनी खुर्द में कुछ व्यक्ति कोयला चोरी कर ईट भट्ठा में खपाने मोटर सायकल में ले जा रहे है।

पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए मोटर सायकल में चोरी का कोयला परिवहन करते कन्हैया सिंह उम्र 40 वर्ष, लालमन सिंह उम्र 32 वर्ष व मेहीलाल सिंह उम्र 20 वर्ष तीनों निवासी ग्राम लॉजित थाना ओड़गी को पकड़ा। मौके से 1.5 क्विंटल कोयला एवं 3 मोटर सायकल जप्त किया गया।

कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1-5)/303(2) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन व उनकी टीम सक्रिय रही।

# एसएसपी ठाकुर ने ली जनरल परेड की सलामी, कहा- सभी अच्छा काम करेंगे तो पुलिसिंग होगी मजबूत





**सूरजपुर।** शुक्रवार, 21 मार्च 2025 को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाईन में जनरल परेड की सलामी ली। उन्होंने सर्वप्रथम पुलिस लाईन में आयोजित परेड़ का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारी व जवानों के वेश-भूषा का जायजा लिया। राजपत्रित अधिकारियों से परेड़ के कमाण्ड दिलवाए। निरीक्षण के दौरान जवानों के वेशभूषा को देखा और अच्छे वेशभूषा पर जवानों को पुरस्कृत किया। शासकीय वाहनों का जायजा लिया और आरक्षक चालकों को मेंटनेंश डे पर वाहनों में जरूरी मरम्मत कराने तथा रक्षित निरीक्षक को वाहन चालकों का आई टेस्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय वाहनों के फस्ट एड किट को देखा और गुणवत्ता युक्त दवाओं को रखने के निर्देश दिए ताकि आपात स्थित में वह काम आए। परेड़ के दौरान एक महिला आरक्षक को उत्कृष्ट कमाण्ड देकर परेड कराने पर उसे नगद पुरस्कार दिया। परेड़ के उपरान्त डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के समस्याओं को जाना और उन समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु दिशा निर्देश भी दिया। इस दौरान उन्होंने जवानों को कहा कि आप में काम करने की क्षमता बहुत है दृढ़ इच्छा शक्ति और लगन के साथ कार्य करें आपको सफलता जरूर मिलेगी, जब हम सभी अच्छा काम करेंगे तो पुलिसिंग मजबूत होगा, अच्छे कार्यो से हममें ज्ञान के साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने प्रभारियों को कहा कि थाना के कार्यो को नियमित चेक करें इससे कार्य और बेहतर होती है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कहा कि आधुनिकता के साथ अपडेट रहकर उसके अनुरूप सजग रहकर कार्य करें, थाना-चौकी में नियमित परेड कराए इससे अनुशासन बना रहता है साथ ही अधिकारी व जवान फिट रहते है, जनता की सेवा करने का सबसे अच्छा जरिया पुलिस की नौकरी है, बिना समस्या के कोई व्यक्ति थाना नहीं आता, गंभीरतापूर्वक उसकी पीड़ा को समझते हुए तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें, अच्छी वेशभूषा धारण कर ड्यूटी करें, आपराधिक मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि फरार आरोपी पुलिस की नजर से बचने नहीं चाहिए। थाने में पहुंचने वाले फरियादियों से बेहतर व्यवहार करने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि थाना-चौकी के कार्यो का प्रतिदिन आंकलन करें कि सभी कार्य समय पर हो रहे है अथवा नहीं, जहां कमजोर स्थिति दिखाई दे वहां कसावट लाते हुए कार्य को शत-प्रतिशत पूरा कराए। बिना नंबर व बिना लाइसेंस सहित परिवहन व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देशित किया। इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरई उईके, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, जिले के थाना-चौकी प्रभारी सहित विभिन्न थाना-चौकी व रक्षित केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**रायपुर।** ग्राम तुलसी में एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार दो युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजेश टंडन 37 वर्ष ग्राम जेवरा बेमेतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी सीजी 06 जीक्यू 1310 में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी ग्राम तुलसी में ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमवाय 1496 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे राजेश टंडन की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार अनुपपुर मध्यप्रदेश निवासी 24 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी शिवा साहू ने उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। फिर शादी से इंकार कर दिया। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## महिला के खाते से 2 लाख से अधिक रकम पार

**रायपुर।** महिला के खाते से अज्ञात व्यक्ति ने 5 बार में 2 लाख से अधिक रकम आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया अंजली निशिकांत शिरपुरकर 62 वर्ष उदिया सोसायटी टाटीबंध का रहने वाली थी। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि वह एटीएम से पैसा निकालने गई थी। जहां पैसा नहीं निकला और अकाउंट से पैसा कट गया। जिससे प्रार्थिया ने गुगल में कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर अज्ञात व्यक्ति से बात किया। जिससे आरोपी ने वाटसअप में लिंक भेजकर ओपन करने को कहा और फिर प्रार्थिया के बैंक अकाउंट से 5 बार में 2 लाख 49 हजार 975 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया को जब इस बात की जानकारी हुई तो उसने इसकी शिकायत आमानाका थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## तीन सटोरियों से 16,090 रुपए जब्त

**रायपुर।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को जुआ/सट्टा खेलने एवं खिलाने वालों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 20.03.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना अभनपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम तूता स्थित मैदान में कुछ व्यक्ति अंको में दांव लगाकर पर्ची के माध्यम से सट्टा संचालित कर रहे है।

# साइबर फ्राड गिरोह पर कड़ा प्रहार

### 2 म्यूल खातों से 2,04,981 रूपये का ट्रांजेक्शन, रकम लेकर ठग को खाता का देते थे एक्सेस, म्यूल एकाउन्ट गिरोह को बैंक खाता, एटीएम व सीम उपलब्ध कराने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर।** सूरजपुर पुलिस ने साइबर ठगों के नेटवर्क में शामिल 5 आरोपियों को पकड़ा है। ये आरोपी साइबर ठगों के लिए म्यूल बैंक अकाउंट, एमटीएम कार्ड उपलब्ध कराते थे। इसके साथ ही साइबर ठगों को मोबाइल सिम भी उपलब्ध कराते थे। इनके ऐसे 02 बैंक अकाउंट की पहचान की गई है, जिसमें 2 लाख रूपये से अधिक का ट्रांजेक्शन हुआ है। आरोपियों के म्यूल बैंक अकाउन्ट नंबरों एवं उनके मोबाईल नंबरों को सीज किया जा चुका है।



भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र (आई फोर सी) द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल (ज्वाईट साइबर क्राईम कार्डिनेशन टीम मैनेजमेंट इन्फारमेंशन सिस्टम) में स्थित विभिन्न बैंक शाखाओं में संचालित लेयर-1 पर कार्यवाही करने के संबंध में पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ से शिकायत प्राप्त हुआ जिसमें म्यूल अकाउंट खाता धारक आनंद कुमार साहू निवासी मदनेश्वरपुर थाना रामानुजनगर के बैंक ऑफ महाराष्ट्र व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सूरजपुर के एकाउंड शामील थे। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने ऑनलाईन सायबर फ्राड के शिकायतों का गंभीरता से लेते हुए शिकायत की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो से कराया। जांच उपरान्त साइबर फ्राड से संबंधित शिकायत में यूनियन बैंक सूरजपुर का खाता आनंद कुमार साहू के नाम से होने पर उसके विरूद्ध थाना सूरजपुर में अपराध क्रमांक 150/25 धारा 413, 420, 120बी भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान थाना सूरजपुर पुलिस ने पाया कि म्यूल एकाउंट खाता धारक आनंद कुमार साहू के खाते में अलग अलग राज्य से संबंधित सायबर क्राईम में ठगी की गई रकम करीब 2,04,981/- रूपये का लेन-देन किया गया है। प्रकरण में म्यूल बैंक एकाउन्ट संग्रहण कर साइबर अपराध के गिरोह को बैंक एकाउन्ट, एटीएम एवं मोबाईल सीम उपलब्ध कराने वाले सौरभ साहू व अमन साहू तथा बैंक खाता देने वाले आनंद कुमार साहू, विशाल साहू व सूर्या सोनवानी को पकड़ा गया। पूछताछ पर सभी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। मामले में पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और आगे की कार्यवाही जारी है। गिरफ्तार आरोपी सौरभ साहू पिता राजेन्द्र प्रसाद साहू उम्र 29 वर्ष ग्राम सोनहत, हालमुकाम बी टाईप, मकान नंबर 53 विश्रामपुर, अमन साहू पिता राजकुमार साहू उम्र 19 वर्ष ग्राम कटकोना, थाना पटना, जिला कोरिया, आनंद कुमार साहू पिता कन्हैयालाल साहू उम्र 22 वर्ष ग्राम मदनेश्वरपुर थाना रामानुजनगर, विशाल कुमार साहू पिता पप्पू प्रसाद साहू उम्र 22 वर्ष ग्राम पम्पापुर, थाना सूरजपुर, सूर्या सोनवानी पिता ललन सोनवानी उम्र 19 ग्राम कटकोना, थाना पटना, जिला कोरिया

**कार्यवाही में शामील पुलिस टीम-** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह, प्रधान आरक्षक कृष्णकांत पाण्डेय, प्रदीप उपाध्यक्ष, आरक्षक रौशन सिंह, युवराज यादव, विनोद सारथी, रविराज पाण्डेय, संत पैंकरा व कामेश्वर नेताम सक्रिय रहे।

**अब जानिए क्या है म्यूल एकाउंट**

पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी करने वाले ठगी से अर्जित गई रकम अपने बैंक खातों में जमा नहीं कराते, इसके लिए वे दूसरों के बैंक अकाउंट का उपयोग करते हैं। इसके एवज में खातेदार को कुछ रकम दी जाती है। बैंक अकाउंट, डिजिटल वॉलेट या अन्य वित्तीय माध्यमों का उपयोग साइबर अपराधी ठगी की रकम या अवैध धन को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने में करते हैं। ठगी की रकम को खपाने के लिए उनको बैंक खाते या वॉलेट की जरूरत पड़ती है। इसके लिए म्यूल अकाउंट का इस्तेमाल करते है। किसी व्यक्ति को पैसा नौकरी, इनाम या निवेश का लालच देकर अपने जाल में फंसाते हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण : गरीबों के पक्के आशियाना का सपना हो रहा पूरा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के लिए आवास निर्माण में बेहद सहायता प्रदान करने वाली योजना है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ऐसे गरीब परिवार जो अपना खुद का पक्का मकान नहीं बना पा रहे थे उनके लिए यह बहुत सहायक हुई है। इस योजना का लाभ उठाकर आज हितग्राही अपना स्वयं का पक्का मकान आसानी से बना पा रहा है। इस योजना के तहत सभी गरीब परिवार जो इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्रता रखते है. उनके सपनों का आशियाना तैयार किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत कुरूद से वर्ष 2024-25 में लाभान्वित ग्राम पंचायत अंवरी की हितग्राही श्री दौलत राम की यह कहानी है। श्री दौलत राम स्वयं व अपने 4 पुत्री और 1 पुत्र के साथ निवासरत है। उनकी पत्नी नहीं होने के कारण अपने परिवार का बड़ी मुश्किल से भरण-पोषण कर पाता था। ग्राम पंचायत अंवरी में हितग्राही कबाड़ी का कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। श्री दौलत राम कबाड़ी का कार्य करके इतने पैसे नहीं बचा पाते थे. जिससे वह अपने लिए एक पक्का मकान बना सके। हितग्राही श्री दौलत राम अपने पुश्तैनी कच्ची मकान में रहते थे। बरसात के दिनों में इस मकान में इनका गुजर-बसर बढ़ा ही कष्ट दायी हो जाता था। मकान के दीवार में सीलन आ जाती थी, ऊपर मकान में कच्ची छत होने के कारण पानी टिपकता था और मिट्टी का दिवाल होने के कारण चूहों ने भी जगह-जगह बिल बना लिए थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए पात्रता रखने के कारण श्री दौलत राम का नाम आवास निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा चयन किया गया जिसके फलस्वरुप उसके आवास निर्माण का कार्य प्रारंभहुआ। उन्हें इस योजना के बारे में अधिक जानकारी जनपद पंचायत द्वारा आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मिला।

उन्मुखीकरण कार्यक्रम में उन्हें यह पता चला कि इस योजना के तहत हमें कितनी कितनी राशी कब-कब मिलेगी और कैसे हमें अपना आवास अच्छे से बनाना है। अब हेमीन बाई का परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित पक्के मकान में बहुत सुख पूर्वक निवास कर रहे है।

## तीन सटोरिए चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** अभनपुर पुलिस ने ग्राम तुता में दबिश देकर सट्टा खिलाते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 16090 रुपए जब्त किया है। अभनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तुता में एक युवक सट्टा खिला रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी शोभित कोसले 38 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 16090 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## क्रिकेट में विजेता बनी ऑपरेटिंग टीम

**रायपुर।** दिनांक 25 फरवरी, से डब्ल्यू आर एस कॉलोनी में 22वें अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का रंगारंग शुभारंभ माननीय मंडल रेल प्रबंधक महोदय दयानंद जी के कर कमलों से सम्पन्न हुआ । 25 फरवरी, 2025 से प्रारंभ होने वाले इस खेल महासंग्राम में कुल 20 टीमो ने भाग लिया कुल 48 मैच खेले गए । लीग व नॉक ऑउट पदत्ति से खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में नॉक ऑउट दौर से मैच खेले गए दिनांक 19 मार्च, को महिला कर्मचारियों एवं रेलवे पुरुष कर्मचारियों की टीमों ने फाइनल मुकाबला खेला।

# सक्षम आंगनबाड़ी : बिजली नहीं और लगा दिया एलईडी
# कई जगह विकल्प के अभाव में भी लगाई टंकी

**कोरबा।** एकीकृत महिला बाल विकास विभाग की देखरेख में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। कोरबा जिले की सभी परियोजनाओं को मिलाकर 2500 से ज्यादा केंद्र संचालित हो रहे हैं। लंबे समय के बाद भी इन सभी के लिए अपना भवन नहीं मिल सका है। दूसरी ओर सरकार की सक्षम आंगनबाड़ी योजना के मामले में भी औपचारिकता या कहा जाए गड़बड़ी का बोलबाला है। नमूने ऐसे हैं कि बिना बिजली के आंगनबाड़ियों में एलईडी लगाई गई हैं तो कई जगह पानी टकी तो लगाई गई है लेकिन पानी कहां से मिलेगा इसका अता-पता नहीं है। ऐसे में सुविधा शून्य है और सवाल ढेरों।

करतला विकासखंड के उपरपारा पकरिया में एक ऐसी ही आंगनबाड़ी का पता चला है जिसे रिकार्ड में और साइप बोर्ड में सक्षम बना दिया गया है लेकिन ऐसा है नहीं। सरकार के नियमों की खानापूर्ति के लिए यहां सक्षम श्रेणी के अंतर्गत रंगाई-पोताई और बच्चों की समझ के लिए अल्फाबेट की व्यवस्था दीवारों पर कर दी गई। सामने के हिस्से में लिख दिया गया कि अब आंगनबाड़ी सक्षम है।




प्रावधान के तहत यहां एलईडी भी लगाई गई है जो हर दिन धूल फांकने को मजबूर हैं। चूंकि यहां पर बिजली की पहुंच नहीं हो सकी है इसलिए एलईडी को एक्टिव मोड में नहीं लाया जा सका है। आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों और महिलाओं को एलईडी नजर जरूर आती है लेकिन चित्र नहीं। बताया गया कि बहुत पहले इसे लगाया है, तब से इसी हाल में पड़ी है।

### विस के अगले सत्र में गरमाएगा यह मामला

अकेले कोरबा जिले में ही करोड़ों रुपए का भुगतान पानी टंकियां लगाने के नाम पर कर दिया गया। बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में ब्रांडेड कंपनी की पानी टंकी और नीचे तक पाइप लाया जाना था। सांठगांठ के आधार पर लोकल कंपनी की कम क्षमता वाली पानी टंकियां लगा दी गई हैं। इसके एवज में हर मामले में 17 हजार 500 रुपए की धनराशि आरटीजीएस से ट्रांसफर की गई है। कोरबा सहित सभी जिलों में इस प्रकार से काम हुआ है। विधानसभा के अगले सत्र में कई विधायकों की नजर इस काम पर है।

### आखिर कैसे और कब आएगा पानी

खबर के अनुसार जिले में ही ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या अच्छी-खासी है जहां पर पानी टंकी और नीचे तक पाइप की व्यवस्था कराई गई है। लेकिन अब तक टंकियों को प्यासा रहना पड़ा है। क्योंकि जिस माध्यम से पानी पहुंचना है उसका अता-पता ही नहीं है। यह काम जल स्त्रोत के साथ-साथ बिजली अथवा सौर ऊर्जा की उपस्थिति में ही हो सकता है। जबकि संबंधित केंद्रों में इसकी कमी मौजूद है। यह जानते हुए भी महिला बाल विकास विभाग के द्वारा अनदेखी की गई और इस प्रकार के काम करा लिए गए। इससे हासिल आखिर क्या हुआ, यह बताने को कोई तैयार नहीं है।

# एनटीपीसी कालोनी से रेस्क्यू किए गए बारासिंघा की हो गई मौत

### वन विभाग में मचा हड़कंप



**कोरबा।** एनटीपीसी की जमनीपाली स्थित कालोनी से रेस्क्यू किए गए वन्य प्राणी बारासिंघा की मौत हो गई है। जिससे वन विभाग में हड़कप मच गया है।

जानकारी के अनुसार एक बारासिंघा जंगल से भटक कर एनटीपीसी कालोनी में घुस गया। आवासीय परिसर में बारासिंघा देखे जाने की सूचना कालोनी वासियों द्वारा कटघोरा वन मंडल के अधिकारियों को दी गई। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बारासिंघा का लोकेशन ढुढ़ते रहे काफी देर बाद यह चितल कालोनी स्थित एनटीपीसी से विभागीय अस्पताल परिसर में दिखाई दिया। जिस पर रेस्क्यू के लिए पहुंची। वन विभाग की टीम ने इसे एनटीपीसी के सुरक्षा बलो, पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से घेरा बंदी कर सफल रेस्क्यू करने के साथ पकड़ लिया वन विभाग द्वारा पकड़े जाने के बाद इसे जंगल में छोड़ने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान उसकी एकाएका स्थिति बिगड़ी और बारासिंघा ने दम तोड़ दिया। बारासिंघा के दम तोड़ते ही वन विभाग की टीम के होश उड़ गए । आनन फानन में इसकी सूचना डीएफओ कटघोरा सहित वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जिस पर वे मौके पर पहुंचे और वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के बाद पंचनामे की कार्रवाई बारासिंघा कहां से और कैसे पहुंचा। पता लगाया जा रहा है। डीएफओ कुमार निशात ने बताया कि पकड़ा गया वन्य प्राणी बारासिंघा नहीं चीतल था उसकी मौत हो गई है। उसके शरीर का चोट के निशान मिले है। संभवत: व किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल हो गया था। जिससे स्थिति काफी नाजुक थी। वन विभाग में उपचार कराया लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नही आए। चीतल की मौत के बाद अब उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसकी औपचारिकता पूरी होने के बाद मृत चीतल का अंतिम संस्कार किया जाएगा। ज्ञात रहे कटघोरा वन मंडल के जंगलो में चीतल, बाहरसिंघा व हिरण की भरमार है। जो अक्सर पाली रेंज के जंगलो में दिखाई देते है बरसात व ठंड के मौसम में ये जंगल ही जंगल घूमते रहे है। लेकिन गर्मी शुरू होते ही पानी की तलाश में गांव में पहुंच जाते है। जिसकी वजह से सड़क पार करते समय दुर्घटना का शिकार हो जाते है। या कई बार आवारा कुत्तों के हमले से उनकी जान पर आफत आ जाती है।

# मौसम बिगड़ने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप, दूसरे दिन भी समस्याएं

**कोरबा।** गर्मी के सीजन में शुक्रवार को दोपहर पहली बार जमकर अंधड़ की उपस्थिति दर्ज हुई। तेज हवाओं के असर से छोटे-बड़े पेड़-पौधों का अस्तित्व खत्म हो गया। विद्युत लाइन पर पेड़ों की टहनियां टूटकर गिरी तो लाइन ट्रिप हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात को देखते हुए कल दोपहर से ही आपूर्ति ठप है जो आज भी जस की तस है। वहीं ओलावृष्टि के कारण बागवानी फसलों पर गंभीर असर हुआ।

कोरबा शहर के साथ-साथ जिले के सभी क्षेत्रों में कल के अंधड़ ने अपनी अलग छाप छोड़ी। कई प्रकार के दुष्परिणाम इस वजह से सामने आए। बालको नगर और लोतलोता छुरी के फ्लाईऐश पॉंड से उड़ी राख ने बड़े हिस्से को प्रभावित किया। जल स्त्रोतों के साथ-साथ लोगों के घरों, प्रतिष्ठानों और कृषि क्षेत्र को जद में लिया। काफी तेज वेग से चली हवाओं के कारण कई जगह विद्युत लाइन बाधित हो गई। इसके ठीक दूसरी ओर विकासखंड कोरबा और बिजली वितरण संभाग कोरबा ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले बरपाली, सरनीडेरा, श्यांग, जिल्गा, अमलडीहा, बासीन, कोदवारी, समरकना और आसपास के कई गांव में दोपहर 2 बजे बिजली आपूर्ति जो ठप हुई तो आज दूसरी दिन भी वापसी नहीं हो सकी। इसके अभाव में लोगों के घरेलू और व्यवसायिक कार्य बाधित हुए। जिन ग्रामों में बिजली पर जलापूर्ति निर्भर है वहां लोगों को पानी के लिए



*देहात क्षेत्र में ओलावृष्टि का नजारा।*

दूसरे विकल्प अपनाने पड़े। बिजली कंपनी ने हर बार की तरह यही तर्क दिया कि हाथी भी यहां पर घूम रहे हैं और मौसम भी एक कारण है इसलिए बिजली आपूर्ति के मामले में बाद में विचार करेंगे। इससे पहले भी यहां लंबे समय तक हाथियों के नाम से लोगों को परेशान किया गया। ऐसे में लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि जिंदगी किसकी ज्यादा महत्वपूर्ण है और परेशानी कब तक यूं ही भुगतनी होगी।

### कुदुरमाल हाईस्कूल भवन की हालत जर्जर

**कोरबा।** कुदुरमाल स्थित हाईस्कूल भवन की हालत काफी जर्जर है। आधा भवन अभी भी छप्परविहीन चल रहा है जबकि स्कूल के एक तरफ केनाल तो दूसरी ओर मुख्य मार्ग है। बाउंड्रीवाल का निर्माण भी नहीं होने से बच्चों को जान का खतरा बना रहता है। कल जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत, जनपद सदस्य विजय पटेल, कमलेश अनंत सहित अन्य लोगों ने स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि 1956 से स्कूल का संचालन हो रहा है। बाद में जब हाइस्कूल खुला तब अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया गया जबकि अभी भी आधे भवनों में छप्पर लगे हुए हैं। बरसात से पहले इन भवनों का मरम्मत किया जाना काफी जरूरी है। इसके अलावा छप्पर को बदलने की जरूरत है। लगभग 800 बच्चे इस स्कूल में अध्ययनरत हैं। इस बात की जानकारी प्रकाश यादव ने दी है।

***कोरबा।** सतनाम कल्याण समिति की बैठक टीपी नगर में आयोजित की गई। सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

# सनातन की प्रधानता है सत्कर्म : शास्त्री

### कपिलेश्वरनाथ मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा

**कोरबा।** आरएसएस नगर के कपिलेश्वरनाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा जारी है। वृंदावन के कथावाचक शास्त्री गोविंद महाराज ने पिछली शाम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्कर्म ही सनातन का प्रधान तत्व है और यही सनातन को खास बनाते हैं।

श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 25वें वर्ष में हो रहा है। जिले की जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता सुधा झा इसका नेतृत्व कर रही हैं। क्षेत्रवासियों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। आचार्य गोविंद शास्त्री जी ने श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ है। इस ग्रंथ के श्रवण



मात्र से भक्तों के पापों का नाश होता है और उनके हृदय में भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की भावना जागृत होती है।

शास्त्री ने कहा, भगवान श्रीकृष्ण केवल एक ऐतिहासिक चरित्र नहीं हैं, वे साक्षात परब्रह्म परमात्मा हैं, जो युगों-युगों से धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश के लिए अवतरित होते हैं। जब-जब पृथ्वी पर पाप और अत्याचार बढ़ता है, तब भगवान अपनी लीलाओं के माध्यम से भक्तों को सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, रासलीला तथा गीता उपदेश की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि गीता का ज्ञान मानव मात्र के लिए अमूल्य धरोहर है, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि जीवन में कोई भी परिस्थिति क्यों न हो, धर्म और सत्य के मार्ग पर चलते रहना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने भगवान के नाम संकीर्तन के महत्व पर भी बल दिया और कहा कि कलियुग में केवल हरिनाम संकीर्तन ही मोक्ष का द्वार खोल सकता है। जो भी श्रद्धालु प्रेम और विश्वास से भगवान का नाम लेता है, उसका जीवन कृतार्थ हो जाता है। आचार्य जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सत्संग, भक्ति और सेवा का महत्व समझाते हुए कहा कि जो व्यक्ति भक्ति मार्ग पर चलता है, उसका जीवन आनंद और शांति से परिपूर्ण हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग को अपनाकर कोई भी व्यक्ति भगवत्स्वरूप को प्राप्त कर सकता है।

### मंडल अध्यक्षों को मिलेगी जिम्मेदारी

**कोरबा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिलासपुर आगमन की तैयारियों को लेकर कल रायपुर में बैठक आयोजित की गई। इसमें भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा सहित नगर पालिक निगम की महापौर व पंचायतों के अध्यक्ष शामिल हुए। जिसमें निर्णय लिया गया कि 30 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर आ रहे हैं। इसके लिए काफी संख्या में लोगों को लाना होगा। जिलध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने-अपने जिले में जाकर मंडल अध्यक्षों की बैठक लेवें और जिम्मेदारी दें। भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा दो दिनों के भीतर मंडल अध्यक्षों व अन्य कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। रायपुर में आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा के अलावा विकास महतो, जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, डॉ. पवन सिंह, प्रीतम देवांगन, अजय जायसवाल, हरीश थरवानी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# दीपका माइंस में कोयला उत्पादन गिरा तो आना पड़ा कोल इंडिया चेयरमेन को

**कोरबा।** कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने 22 मार्च की सुबह दीपका खदान का निरीक्षण किया। उनके साथ एसईसीएल के सीएमडी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरे के दौरान उन्होंने खदान के साइलो और रेलवे साइडिंग का



जायजा लिया तथा उत्पादन और डिस्पैच की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान पीएम प्रसाद ने सबसे पहले दीपका खदान स्थित साइलो का निरीक्षण किया और कोयला डिस्पैच की मौजूदा व्यवस्था को परखा। इसके बाद उन्होंने रेलवे साइडिंग का दौरा किया, जहां उन्होंने मालवाहन और लोडिंग व्यवस्था का अवलोकन किया। दीपका खदान के व्यू प्वाइंट से खदान को देखने के बाद, उन्होंने एसईसीएल के सीएमडी के साथ विस्थापित होने वाले दर्रा खांचा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया।

अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने खदान के भविष्य के उत्पादन और विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद वह सुवाभोड़ी पेंच पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य खदान में उत्पादन और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना तथा भविष्य की योजनाओं को अमलीजामा पहनाना था। सूत्रों ने बताया कि दीपका खदान में पीएम प्रसाद का दौरा उत्पादन लक्ष्य बढ़ाने को लेकर था अपने टारगेट से 2.15 रू्ञ अभी पीछे चल रही है । उसे 34 मिलियन टन का टारगेट पूरा करना है अब 10 दिन ही शेष बचा है । दीपका माइंस उत्पादन कैसे बढ़ाया जाए जिसको लेकर गहन मंथन कर विस्तार से चर्चा की गई ।

# खदान हादसे में कर्मी की मौत पर एक करोड़ की क्षतिपूर्ति

### ठेका कामगारों के आश्रितों को 40 लाख की राहत, बीएमएस की बैठक में उपलब्धियों पर चर्चा



**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन बिलासपुर द्वारा प्रगति नगर दीपका स्थित दुर्गा पंडाल में कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोयला उद्योग प्रभारी लक्ष्मा रेड्डी और महामंत्री सुजीत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान रेड्डी ने मजदूर हितों के लिए संगठन की उपलब्धियों और आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक के दौरान लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि अन्य यूनियन की तरह बीएमएस भी मजदूरों के हितों के लिए संघर्षरत है। उन्होंने बताया कि,11वें वेतन समझौते में बीएमएस ने दो साल की कड़ी लड़ाई के बाद 19 प्रतिशत वेतन वृद्धि सुनिश्चित कराई।कोरोना काल में हुई मौत के मामलों में 15 लाख रुपये मुआवजा राशि दिलाने में बीएमएस ने अहम भूमिका निभाई। खदान दुर्घटनाओं में मृत्यु होने पर 1 करोड़ रुपये मुआवजा तथा ठेका मजदूरों को 40 लाख रुपये का भुगतान स्वीकृत कराया गया।बीमा योजना में कर्मचारी के खाते से कोई राशि न काटने का प्रावधान बीएमएस ने लागू कराया। जनरल मजदूर पद हटाकर जनरल असिस्टेंट पद लागू कराने में भी संगठन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

लक्ष्मा रेड्डी ने बताया कि कोल इंडिया में 17 लाख से अधिक महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महिला विंग के साथ विशेष चर्चा की जाएगी।बैठक में रेड्डी ने कहा कि कोल इंडिया में वर्दी का प्रावधान नहीं था, लेकिन बीएमएस के दबाव के बाद प्रबंधन ने वर्दी और जूते उपलब्ध कराने पर सहमति व्यक्त की है। रेड्डी ने कोल इंडिया में हुए 900 करोड़ रुपये के सीएमपीएफ घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि बीएमएस संगठन ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। रेड्डी ने कहा कि कोल इंडिया के निजीकरण को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की जा रही है। इसे मजदूरों के हितों के लिए एक गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि संगठन इसके खिलाफ लगातार संघर्षरत रहेगा।

इस बैठक में बड़ी संख्या में मजदूर उपस्थित रहे। बीएमएस ने अपने संघर्षों और उपलब्धियों के माध्यम से मजदूरों का भरोसा जीतने का प्रयास किया और भविष्य में भी उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

### जनपद अध्यक्ष का होगा स्वागत

**कोरबा।** करतला जनपद अध्यक्ष अशोका कंवर व उपाध्यक्ष मनोज झा का 25 मार्च को स्वागत करते हुए सम्मान किया जाएगा। यह सम्मान मितानिनों के द्वारा होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता आकाश सक्सेना, रामकुमार गभेल, नटवरी शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहेंगे।

जय श्रीराम
प्लाट व मकान उपलब्ध
गीतावेली रेलवे स्टेशन रोड में 50×60, 25×60 स्क्वायर फिट का प्लाट, अमरैयापारा टीपी नगर कोरबा के किसी भी एरिया में प्लाट मकान उपलब्ध है।
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com